सच्ची बात, पाठकों के साथ | नागपुर, बुधवार 11 जून 2025 | @ www.rashtrabaan.in | पृष्ठ :8 | वर्ष :2 | अंक : 220 | मूल्य:₹ 5

# राष्ट्रबाण

।। धर्मो रक्षति रक्षितः ।।

मध्य भारत का लोकप्रिय दैनिक

## ऑल पार्टी डेलिगेशन से PM मोदी ने की मुलाकात, सभी ने एक स्वर में कहा

# पाक को आतंक पर घेरा और किया बेनकाब



### विभिन्न देशों में हुई बैठकों पर लिया गया फीडबैक

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार शाम अपने आधिकारिक आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर उन विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों की मेजबानी की, जिन्होंने हाल ही में विभिन्न देशों का दौरा किया था. इन प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विभिन्न राष्ट्रों में हुई अपनी बैठकों और अनुभवों के बारे में प्रधानमंत्री को जानकारी दी. सभी ने एक स्वर में कहा कि उन्होंने पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर जमकर घेरा और बेनकाब कर दिया. इन प्रतिनिधिमंडलों में विभिन्न दलों के सांसद, पूर्व सांसद और प्रतिष्ठित राजनयिक शामिल थे. अपनी विदेश यात्राओं के दौरान इन प्रतिनिधिमंडलों ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख और विश्व शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया था. यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी भूमिका को लगातार मजबूत कर रहा है. प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने अपनी यात्राओं के दौरान भारत के हितों और मूल्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जिसकी सराहना की गई.

### आतंकवाद पर पाक को बेनकाब करने का टास्क

7 सांसदों की अगुवाई में भेजे गए प्रतिनिधिमंडल को खासतौर पर आतंकवाद पर पाकिस्तान को दुनिया के सामने बेनकाब करने का टास्क दिया गया था. जिन 7सांसदों ने डेलिगेशन का नेतृत्व किया उनमें कांग्रेस से शशि थरूर, बीजेपी से रविशंकर प्रसाद, जदयू से संजय कुमार झा, बीजेपी से बैजयंत पांडा, डीएमके से कनिमोझी करुणानिधि, एनसीपी-एसपी से सुप्रिया सुले और शिंदे शिवसेना से श्रीकांत शिंदे शामिल थे.



### आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति को बताना

दरअसल, 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आतंकवाद पर भारत का रुख दुनिया के सामने रखने के लिए अलग-अलग देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजा गया था. इस डेलिगेशन के जरिये भारत ने आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति की जानकारी दी. यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब अगले महीने मानसून सत्र शुरू होने जा रहा है और तमाम विपक्षी दल 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद से ही सरकार के विशेष संसद सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं.





### पहलगाम हमले के बाद चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के बैसरन घाटी में पर्यटकों पर पाकिस्तानी आतंकवादियों ने हमला किया था. इस आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें ज्यादातर टूरिस्ट थे. इस आतंकी हमले के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए पाकिस्तानी और पाक अधिकृत कश्मीर (PoK) में आतंकवादियों पर जवाबी कार्रवाई की थी. इस कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को तबाह किया गया और 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मार गिराया था.

## महाराष्ट्र कैबिनेट का फैसला

# एक्साइज ड्यूटी में संशोधन

### अनुसूचित जाति आयोग को वैधानिक दर्जा



**मुंबई.** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में आज कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई. राज्य कैबिनेट की बैठक में 3 महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. महाराष्ट्र राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग की स्थापना के बाद यह बताया गया है कि महाराष्ट्र राज्य अनुसूचित जाति आयोग को वैधानिक दर्जा दिया गया है. सामाजिक न्याय विभाग ने बताया है कि यह विधेयक आगामी विधान सत्र में लाया जाएगा.

### छात्रों की टयूशन फीस, आबकारी शुल्क बढ़ेगा

इस बीच, कैबिनेट बैठक में राज्य में सरकारी फिजियोथेरेपी और ऑक्यूपेशनल थेरेपी डिग्री के छात्रों के वजीफे को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है और इस वजीफे में 6,250 रुपये की बढ़ोतरी की गई है. स्नातकोत्तर डिग्री के छात्रों के वजीफे में 10,000 रुपये की बढ़ोतरी की गई है. वहीं बीएससी नर्सिंग कोर्स के छात्रों को भी अब 8,000 रुपये का वजीफा मिलेगा. यह जानकारी चिकित्सा शिक्षा और औषधि विभाग ने दी है. इसी तरह, राज्य आबकारी विभाग के राजस्व को बढ़ाने के लिए भी आज की बैठक में उपाय किए गए हैं. राज्य आबकारी विभाग की ओर से जानकारी दी गई है कि विभिन्न प्रकार की दरों में संशोधन किया जाएगा. इन उपायों से विभाग के राजस्व में सालाना करीब 14,000 करोड़ रुपये की वृद्धि होने की उम्मीद है. राजस्व वृद्धि के संदर्भ में, सचिव-स्तरीय अध्ययन समूह ने शराब नीति, लाइसेंसिंग, आबकारी शुल्क और कर संग्रह बढ़ाने के लिए अन्य राज्यों की सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन किया था और सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी थी. इस रिपोर्ट के अनुसार, आबकारी विभाग की संशोधित संरचना और एक एकीकृत नियंत्रण कक्ष की स्थापना को मंजूरी दी गई .संशोधित संरचना के अनुसार, मुंबई शहर और उपनगरों में एक नया मंडल कार्यालय और 6 जिलों - मुंबई उपनगर, ठाणे, पुणे, नासिक, नागपुर और अहिल्यानगर में एक-एक अतिरिक्त अधीक्षक कार्यालय खोला जाएगा.

## फास्ट ट्रॅक

### सोनम के रिश्तेदारों और दोस्तों का विरोध प्रदर्शन

**भोपाल.** इंदौर के रहने वाले राजा रघुवंशी की कथित तौर पर उनकी पत्नी ने ही मेघालय में हनीमून के दौरान हत्या कर दी, जिसके बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंगलवार को गहरी पीड़ा व्यक्त की और इस घटना का इस्तेमाल शादी के फैसलों पर सख्त सावधानी बरतने के लिए किया. सोनम रघुवंशी के रिश्तेदारों और दोस्तों ने विरोध प्रदर्शन किया, जब वह अपने पति राजा रघुवंशी का शव मेघालय में मिलने के बाद लापता हो गई थी.
मेघालय हत्याकांड ने लोगों को चौंका दिया है, इंदौर के रहने वाले राजा रघुवंशी की कथित तौर पर हनीमून ट्रिप के दौरान कॉन्ट्रैक्ट किलर द्वारा हत्या कर दी गई थी. कथित तौर पर उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी के इशारे पर, उनके कथित प्रेमी राज कुशवाह के साथ मिलीभगत से. मेघालय हत्याकांड ने मध्य प्रदेश के सीएम यादव को वैवाहिक व्यवस्थाओं में अधिक जांच और परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया. सीएम यादव ने कहा,‘सोनम रघुवंशी-राजा रघुवंशी की घटना समाज के लिए एक सबक है और साथ ही यह एक बहुत ही दर्दनाक घटना है.

# '...तो पाकिस्तान में अंदर तक हमला करेगा भारत '

### एस जयशंकर ने यूरोप से दी पाक को सीधी चेतावनी



**ब्रसेल्स.** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह किया और पाकिस्तानी सेना को भी घुटनों पर ला दिया. अब इस ऑपरेशन के करीब 1 महीने बाद भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर यूरोप की यात्रा पर गए हैं. यहां बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में एस जयशंकर ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी जारी की है. एस जयशंकर ने साफ तौर पर कह दिया है कि अगर भारत को आतंकवादी हमलों से उकसाया गया तो हम पाकिस्तान में अंदर तक हमला करेंगे.

### क्या बोले विदेश मंत्री जयशंकर?

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि पाकिस्तान हजारों आतंकवादियों को खुले में ट्रेनिंग दे रहा है और उनको भारत में भेज रहा है. जयशंकर ने कहा कि भारत इस बात को बर्दाश्त नहीं करेगा.

### फिर से जंग छिड़ने की संभावना है?

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि संघर्ष के मूल कारण अब भी जस के तस हैं. उन्होंने कहा- ‘पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो आतंकवाद को शासन की नीति के साधन के रूप में इस्तेमाल करता है. यही पूरा मुद्दा है. एस जयशंकर से पूछा गया कि क्या भारत और पाकिस्तान के बीच बीते महीने की तरह जंग छिड़ने की वजह बनने वाली स्थिति अब भी है? इस पर जयशंकर ने कहा- ‘‘अगर आप आतंकवाद के प्रति प्रतिबद्धता को तनाव का स्रोत कहते हैं, तो निश्चित रूप से ऐसा है.’’

### राफेल और सीजफायर पर क्या बोले जयशंकर?

ब्रसेल्स में एस जयशंकर से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को हुए नुकसान पर भी सवाल किया गया. इस पर जयशंकर ने कहा कि भारत के फाइटर जेट्स और मिसाइलों ने पाकिस्तानी वायुसेना को कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचाया है. यही कारण है कि पाकिस्तान शांति के लिए मजबूर हो गया. जयशंकर ने कहा कि राफेल विमान और अन्य सिस्टम कितने कामयाब थे तो उसका सबूत पाकिस्तान के तबाह हुए एयरबेस हैं.

# DRDO का 'प्रोजेक्ट विष्णु' दुश्मन पर बरपाएगा कहर

### भारत की हाइपरसोनिक मिसाइल है ताकतवर

**नई दिल्ली.** रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए भारत एक और मिसाइल लॉन्च करने के लिए तैयार है. ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारत का ये कदम चर्चा का विषय बना हुआ है. दरअसल देश अपनी सबसे रिफाइंड हाइपरसोनिक मिसाइल, एक्सटेंडेड ट्रैजेक्टरी-लॉन्ग ड्यूरेशन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल (ET-LDHCM) का परीक्षण करने के लिए तैयार हो रहा है.
DRDO के गुप्त प्रोजेक्ट-विष्णु के हिस्से के रूप में इस मिसाइल को तैयार किया गया है जोकि विशेष रूप से घरेलू तकनीक का उपयोग करके विकसित हुई है. ये मिसाइल आने वाले समय में गेम चेंजर साबित होगी और दुश्मनों के लिए बेहद घातक होगी. इस मिसाइल में इतनी क्षमता होगी कि यह शक्ति के संतुलन को बदलने की क्षमता रखेगी.



### इंजन भी है खास

इस मिसाइल की ये खासियत है कि ये लगभग 1,500 किलोमीटर की रेंज से लैस, ET-LDHCM 1,000-2,000 किलोग्राम वजन वाले पारंपरिक या परमाणु वारहेड का उपयोग करके दुश्मन के ठिकानों को नष्ट कर सकती है. इसका इंजन लंबे समय तक हाइपरसोनिक गति को बनाए रख सकता है, जो ईंधन को जलाने के लिए वायुमंडल से हवा खींचता है. इसलिए यह घातक है. इंजन का एक प्रभावशाली ग्राउंड टेस्ट पहले ही DRDO द्वारा सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है.

### क्या है इस मिसाइल की खासियत?

ET-LDHCM की सफलता के बाद भारत के पास ये ताकत होगी कि वह कुछ ही मिनटों में चीन, पाकिस्तान या किसी भी दुश्मन के इलाके में गहराई तक जाकर हमला कर सके. उसका निशाना बेहद सटीक होगा. यह मिसाइल मैक 8 की अपनी अधिकतम गति से एक सेकंड में तीन किलोमीटर की दूरी तय कर सकती है, जो लगभग 11,000 किमी/घंटा है और ध्वनि की गति से आठ गुना अधिक है. रिपोर्टों के अनुसार, वर्तमान रडार और वायु रक्षा प्रणालियों के लिए इस गति पर इसे रोकना लगभग असंभव है. यानी दुश्मन का रडार और एयर डिफेंस सिस्टम भी इसे रोक पाने में सक्षम नहीं होगा.

### उड़ान के बीच कर सकता है पैंतरेबाजी

ET-LDHCM उड़ान के बीच में पैंतरेबाजी कर सकता है, और यह गर्मी प्रतिरोधी सामग्री से बना है जो 2,000 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान को सहन कर सकता है. जमीन, हवा या समुद्र से लॉन्च करने की क्षमता के साथ, भारत के पास पहले कभी इतने रणनीतिक विकल्प नहीं थे. लेकिन अब भारत लगातार मजबूत होता जा रहा है.

# बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में बड़ी सफलता

### कनाडा में पकड़ा गया हत्या का मास्टरमाइंड जीशान अख्तर

**मुंबई.** मुंबई पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मास्टरमाइंड जीशान अख्तर को कनाडा पुलिस ने डिटेन किया है. मुंबई पुलिस के सूत्रों का दावा है कि उन्हें इस बात की जानकारी है कि जीशान फिलहाल कनाडा पुलिस की गिरफ्त में है. जीशान लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य है. बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल शूटर्स का हैंडलर जीशान अख्तर ही था.
**कैसे की थी बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश ?रू** जीशान अख्तर पर जालंधर पुलिस ने पहले ही कई मामले दर्ज किए थे. आपको बता दें जीशान अख्तर और गुरमेल सिंह एक समय पंजाब के जालंधर की जेल में साथी थे. अख्तर को जालंधर की एक अन्य जेल में स्थानांतरित कर दिया गया, लेकिन इससे पहले उसने गुरमेल सिंह के साथ सिद्दीकी हत्या के बारे में चर्चा की थी और तब उसे बताया था कि वह जल्द ही उसके लिए एक काम लेकर आएगा.

### कौन है जीशान अख्तर?



जीशान अख्तर मुख्य रूप से जालंधर का रहने वाला है और 12 अक्टूबर 2024 को मुंबई के बांद्रा इलाके में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है. जालंधर का रहने वाला जीशान अख्तर जिसका असली नाम मोहम्मद यासीन अख्तर है, उसको पंजाब पुलिस ने 2022 में गिरफ्तार किया था. बाबा सिद्दीकी की हत्या को लेकर चल रही जांच में जीशान अख्तर का नाम सामने आया था. वह मुख्य रूप से तीन शूटरों-धर्मराज कश्यप, गुरमेल बलजीत सिंह और शिवकुमार गौतम का हैंडलर था.

# ‘हम दो, हमारे दो’ से नीचे चला गया भारत

### आबादी का स्तर बनाए रखना गंभीर चुनौती

**नई दिल्ली.** भारत की आबादी इस साल के अंत तक 1.46 अरब तक पहुंचने का अनुमान है लेकिन प्रजनन दर गिरकर 1.90 प्रति महिला तक गिर गया है जो आबादी के स्तर को बनाए रखने के लिए जरूरी 2.1 से कम है. नीतिगित हस्तक्षेप के जरिये अगर इस ट्रेंड को बदला नहीं गया तो भारत में जनसंख्या के स्तर को लंबे समय तक बनाए रख पाना चुनौतीपूर्ण होगा. संयुक्त राष्ट्र की नई जनसांख्यिकी रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की प्रजनन दर प्रतिस्थापन दर से नीचे आ गई है. ‘वास्तविक प्रजनन संकट’ शीर्षक वाली यूएनएफपीए की ‘विश्व जनसंख्या स्थिति (SOWP) रिपोर्ट 2025’ घटती प्रजनन क्षमता से घबराने के बजाय अधूरे प्रजनन लक्ष्यों पर ध्यान देने कहती है. इस रिपोर्ट में कहा गया है कि लाखों लोग अपने प्रजनन लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम नहीं हैं. रिपोर्ट के अनुसार कम या अधिक जनसंख्या के बजाय वास्तविक संकट यही है और इसका उत्तर बेहतर प्रजनन क्षमता में निहित है.
रिपोर्ट में जनसंख्या संरचना, प्रजनन क्षमता और जीवन प्रत्याशा में बदलावों का भी खुलासा किया गया है, जो एक बड़े जनसांख्यिकीय परिवर्तन का संकेत है. रिपोर्ट में पाया गया कि भारत की कुल प्रजनन दर घटकर प्रति महिला 1.9 जन्म रह गई है, जो प्रतिस्थापन स्तर 2.1 से नीचे है. मतलब यह कि औसतन महिलाएं एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जनसंख्या का आकार बनाए रखने के लिए आवश्यक संख्या से कम बच्चे पैदा कर रही हैं.




प्रजनन दर में कमी के बावजूद, भारत की युवा जनसंख्या अब भी महत्वपूर्ण है, जिसमें 0-14 आयु वर्ग में 24 प्रतिशत, 10-19 आयु वर्ग में 17 और 10-24 आयु वर्ग में 26 फीसदी युवा हैं. 68 परसेंट जनसंख्या कामकाजी आयु वर्ग (15-64) वाली है. संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में भारत को मध्यम आय वाले देशों के समूह में रखा गया है, जो तेजी से जनसांख्यिकीय परिवर्तन से गुजर रहे हैं. UNFPA की भारत प्रतिनिधि एंड्रिया एम वोज्नर ने कहा, भारत ने प्रजनन दर कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है. 1970 में प्रति महिला औसत 5 बच्चों से आज औसत 2 बच्चों तक, जिसका श्रेय बेहतर शिक्षा और प्रजनन स्वास्थ्य सुविधा तक लोगों की पहुंच को जाता है.

## राजनीति | चिनाब ब्रिज से गुजरी ट्रेन तो छलक पड़ीं आंखें

# फारूक ने कटरा रेलवे स्टेशन तक किया वंदे भारत में सफर

**श्रीनगर.** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को वंदे भारत ट्रेन से उद्यमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक पर यात्रा की. उन्होंने इस ट्रेन को जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे बड़ा उपहार बताया, जो केंद्र शासित प्रदेश को पूरे देश से जोड़ती है. फारूक अब्दुल्ला ने श्रीनगर के नौगाम रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सवार होकर श्री माता वैष्णो देवी कटरा रेलवे स्टेशन तक की यात्रा की. यात्रा के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब ट्रेन ने चिनाब नदी पर बने विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज को पार किया, तो उनकी आंखें नम हो गईं.



'यह सिर्फ एक ट्रेन नहीं, कश्मीर की देश से जुड़ने की नई शुरुआत है'
फारूक अब्दुल्ला ने भारतीय रेल के इंजीनियरों और मज़दूरों को धन्यवाद देते हुए कहा यह सिर्फ एक ट्रेन नहीं, कश्मीर की देश से जुड़ने की नई शुरुआत है. यह ट्रेन न सिर्फ हमारे पर्यटन को बढ़ाएगी, बल्कि व्यापार को भी एक नई रफ्तार देगी. हमारे उत्पाद अब कन्याकुमारी, पटना, कोलकाता, मुंबई तक पहुंच सकेंगे. मैं उन सभी इंजीनियरों और रेल कर्मचारियों का आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने इतने कठिन इलाके में इस सपने को साकार किया. उन्होंने कहा कि यह परियोजना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सपने से शुरू हुई, जिसे डॉ. मनमोहन सिंह ने आगे बढ़ाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे पूरा किया. फारूक अब्दुल्ला ने अंत में कहा कि रेलवे वह माध्यम है जो बर्फबारी में भी बंद नहीं होता. यह कश्मीर के लिए एक नया युग है.

### कटरा से कश्मीर तक सीधे वंदे भारत ट्रेन सेवा शुरू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 जून को कटरा रेलवे स्टेशन से दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था. ये ट्रेनें जम्मू संभाग को सीधे कश्मीर घाटी से जोड़ती हैं और कटरा से श्रीनगर तक की यात्रा महज तीन घंटे में पूरी करेंगी. इससे यात्रा का समय दो से तीन घंटे तक कम हो गया है. यह वंदे भारत ट्रेन भारत के पहले केबल-स्टे रेलवे ब्रिज ‘अंजी खड्ड पुल’ और विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज ‘चिनाब ब्रिज’ से होकर गुजरती है. चिनाब ब्रिज 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और 1,315 मीटर लंबा है. इसे भूकंप और तेज हवाओं को झेलने में सक्षम बनाया गया है.

संपादकीय

# द.एशिया में भारत के लिए फिर चुनौती

साफ है कि अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा का जिस तरह से सीधा असर दक्षिण एशिया पर पड़ता दिख रहा है वैसा दुनिया के बहुत ही कम हिस्सों में देखा जा सकता है. भारत के लिए चिंता की बात यह है कि दक्षिण एशिया में इन शक्तियों की गतिविधियां सीधे तौर पर उसके हितों से जुड़ी हुई हैं.

पहलगाम हमला और उसके बाद भारत के आपरेशन सिंदूर की वजह से दक्षिण एशिया हाल के दिनों में दुनिया भर की मीडिया में सुर्खियों में रहा है. अमेरिका से लेकर ब्रिटेन तक, अफ्रीकी महादेश व दक्षिण अमेरिकी देशों से लेकर यूरोपीय देशों व एशिया के अन्य देशों ने भारत व पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसी स्थिति को लेकर चिंता जताई है. लेकिन अगर आप थोड़ा गौर से देखें तो भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव की मौजूदा स्थिति के अलावा भी दक्षिण एशिया में बहुत कुछ हो रहा है. असलियत में देखा जाए तो जिस तरह से वैश्विक शक्तियां इस समूचे क्षेत्र में सक्रियता दिखा रही हैं, वैसी स्थिति केवल पिछली सदी के सातवें दशक में ही दिखाई दी थी. तब अमेरिका और रूस के बीच प्रतिस्पर्द्धा का असर दक्षिण एशिया में दिखाई दिया था और अब रूस की जगह चीन ले चुका है. अमेरिका और चीन के बीच अफगानिस्तान से लेकर बांग्लादेश तक में शतरंत की बिसात बिछती दिख रही है. अभी गेम की शुरुआत ही है और इसका रुख किस तरफ होगा, यह तो साफ नहीं है, लेकिन यह निश्चित है कि जो भी परिणाम होगा उसका भारत पर बड़ा असर होगा. पिछले दिनों एक तरफ भारत और पाकिस्तान के बीच मिसाइलों का आदान-प्रदान हो रहा था, तभी भारत और बांग्लादेश एक दूसरे के आर्थिक हितों के खिलाफ कदम उठा रहे थे. पहले बांग्लादेश ने जमीनी रास्ते से भारतीय सूत का आयात करना बंद किया तो उसके बाद भारत ने बांग्लादेश में तैयार रेडीमेड गार्मेंट्स का जमीनी रास्ते से भारत व यहां से दूसरे देशों को होने वाले निर्यात पर रोक लगा दी. इस खबर के बीच यह बात कहीं दब कर रह गई कि लंबे अरसे बाद बांग्लादेश और अमेरिका के बीच सैन्य सहयोग बढ़ने लगा है. बांग्लादेश के काक्स बाजार में अमेरिकी सेना और वायु सेना के सदस्यों के साथ बांग्लादेश की सेना के बीच एक सैन्य अभ्यास चल रहा है. वैसे यह अभ्यास असैनिक महत्व का है, लेकिन इसके मायने गहरे हैं. इसके तार कहीं न कहीं म्यांमार की मौजूदा आंतरिक हालात से जुड़े हैं. म्यांमार में सैनिक शासक कमजोर पड रहे हैं और देश के कई इलाके में विद्रोही समूहों का कब्जा हो चुका है. अमेरिका इन विद्रोही समूहों को शह देने की योजना बना रहा है. ऐसा करके वह सैनिक शासक व प्रधानमंत्री मिन आंग ह्लाइंग के लिए हालात मुश्किल करना चाहता है, लेकिन असली निशाने पर चीन है जो सैनिक तानाशाह को लगातार प्रश्रय दे रहा है.



बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस इसके लिए तैयार भी हैं, लेकिन बांग्लादेश की सेना का कहना है कि इतना बड़ा फैसला लोकतांत्रिक सरकार को ही करना चाहिए. चीन के बढ़ते वर्चस्व से चिंतित अमेरिका बंगाल की खाड़ी में अपने हितों के मुताबिक विस्तार चाहता है. पूर्व पीएम शेख हसीना कह चुकी हैं कि अगर उन्होंने बंगाल की खाड़ी में स्थिति सेंट मिर्टन द्वीप को अमेरिका को सैन्य अड्डा बनाने के लिए दे दिया होता तो उन्हें सत्ता नहीं गंवानी पड़ती.

# पाकिस्तानी जासूसों का मकड़जाल

जैसे जसबीर सिंह ज्योति मल्होत्रा के फालोवर्स की संख्या बढ़ाने में आईएसआई का योगदान रहा. इसके अलावा हनी ट्रैप के माध्यम से भी कई भारतीय नागरिकों को फंसाकर जासूसी कराई जाती है. अंतिम बिंदु है जिहाद का. इसके तहत आईएसआई गजवा-ए-हिंद पर यकीन रखने या कट्टरपंथी सोच वालों को भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल करती है. पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों की ओर से 26 निर्दोष भारतीयों की उनका मजहब पूछकर हत्या करने और आपरेशन सिंदूर के बाद से देश के अनेक हिस्सों से एनआइए सहित विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, बंगाल, असम आदि राज्यों में करीब दो दर्जन पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार किए हैं.

शाअब तक जो गिरफ्तारियां हुई हैं, उनमें सर्वाधिक चर्चित ज्योति मल्होत्रा है. वह एक ट्रैवल ब्लागर है. वह पाकिस्तान के राष्ट्रीय दिवस पर दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग गई थी. वह अन्य मौकों पर भी वहां जाती थी. वह कई बार पाकिस्तान गई और वहां पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम शरीफ से भी मिली. उसके साथ जसबीर सिंह को भी पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. वह भी ब्लागर है.

इनके अलावा कुछ और गिरफ्तारियां हुई हैं. इनमें एक है रविंद्र मुरलीधर वर्मा, जो मुंबई में सुरक्षा ठेकेदार था. आरोप है कि उसने नौसेना के 14 जहाजों सहित सामरिक महत्व की कई



जानकारियां पाकिस्तानी हैंडलरों को दी. वर्मा अपने कार्यालय जाकर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मानचित्रों, सूचनाओं और अभिलेखों को किसी तरह अपने लैपटाप के जरिये आइआसआइ के एजेंटों को भेजता था. एक अन्य अमन यादव को भी एनआइए ने जासूसी के आरोप में गोरखपुर से गिरफ्तार किया है. सीआरपीएफ के मोतीराम जाट को भी पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़ा गया है. यूपी एटीएस ने रामपुर से जिस शहजाद को गिरफ्तार किया, उसका पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारियों से संबंध था. यही कहानी हरियाणा के तारीफ की है. वह पांच बार पाकिस्तान गया और फिर एक लाख रुपये के लालच में उसने सेना के ठिकानों की जानकारी पाकिस्तानी उच्चायोग के उस अधिकारी को दी, जो उसे और उसके दोस्तों को पाकिस्तान का वीजा दिलाता था. पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वालों में अजनाला के दो ऐसे लोग भी हैं, जो पहले दलित थे और फिर ईसाई बन गए थे. यह इसलिए हैरान करता है, क्योंकि पाकिस्तान में तो ईसाइयों पर बहुत अत्याचार होते हैं. नोमान इलाही, देवेंद्र सिंह ढिल्लन, मुर्तजा अली, सुखप्रीत, करनबीर, यासीन, गजाला खातून, सूरज मसीह जैसे अन्य लोग भी पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं. यह सिलसिला अब भी कायम है. ट्रैवल ब्लागर से लेकर सुरक्षा गार्ड, एप डेवलपर, आम नागरिक तक जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं, जो हनी ट्रैप या पैसे के लालच में फंसकर देश की संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आई-एसआई को लीक कर रहे थे. महाराष्ट्र में 65 साल के साकिब ने तो हद ही कर दी. 1993 के मुंबई एवं अन्य बम विस्फोटों में वह पोटा और टाडा में दस-दस साल की सजा काट चुका है. वह अफगानिस्तान जाकर अफगान मुजाहिदीन के साथ मिलकर रूसी सेना से युद्ध भी कर चुका है. 2023 में जब एनआइए ने उसके यहां छापा मारा, तो उसके घर से आईएसआईएस के झंडे, एक-47, तलवार और जिहादी सामग्रियां मिलीं.

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा की आग

मणिपुर में वर्ष 2023 से जातीय संघर्ष चल रहा है. तब से हिंसा में कई लोगों की जान जा चुकी है और मैतेई और कुकी दोनों ही समुदायों के हजारों लोगों को विस्थापन का दर्द भी झेलना पड़ा है.

मणिपुर में कुछ दिनों की शांति के बाद फिर से हिंसा भड़क उठी है. जगह-जगह विरोध प्रदर्शन और आगजनी की घटनाएं हो रही हैं. सड़कों पर सुरक्षा बलों का सख्त पहरा है. कई इलाकों में निषेधाज्ञा लागू है और इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं. इससे पहले भी राज्य को कई मर्तबा हिंसा की त्रासदी झेलनी पड़ी है. इस बार हिंसा का प्रत्यक्ष कारण भले ही मैतेई समुदाय के एक नेता समेत पांच लोगों की गिरफ्तारी है, लेकिन इसके तार वर्ष 2023 में हुई जातीय हिंसा से ही जुड़े हुए हैं.

सवाल है कि जातीय आधार पर लोगों के गुस्से का ज्वार आखिर शांत क्यों नहीं हो रहा है? लोगों को भावनात्मक रूप से भड़काने के पीछे कौन है? ऐसी क्या वजह है कि लोग किसी सामान्य घटना को भी समुदाय से जोड़ लेते हैं और सड़कों पर उतर कर उग्र व्यवहार करने लगते हैं? मणिपुर में वर्ष 2023 से जातीय संघर्ष चल रहा है. तब से हिंसा में कई



लोगों की जान जा चुकी है और मैतेई और कुकी दोनों ही समुदायों के हजारों लोगों को विस्थापन का दर्द भी झेलना पड़ा है. हिंसा का सिलसिला जारी रहने की वजह से एन बीरेन सिंह को इस साल फरवरी में मुख्यमंत्री पद गंवाना पड़ा था. उसके बाद से यहां राष्ट्रपति शासन लागू है. तब से राज्य में हिंसा की कोई बड़ी घटना सामने नहीं आई. माना जा रहा था कि अब हालत सामान्य हो रहे हैं. मगर राज्य के सिर पर शांति का यह सेहरा ज्यादा दिन तक नहीं टिक पाया. दरअसल, सीबीआई ने गत रविवार को मैतेई संगठन अरंमबाई तेंगोल (एटी) के सदस्य कानन सिंह को गिरफ्तार किया था. इसके अलावा 4 अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी हुई. इन सब पर वर्ष 2023 में हुई हिंसा से संबंधित विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने का आरोप है. जांच एजंसी का कहना है कि आरोपी कानन सिंह मणिपुर पुलिस में हेड कांस्टेबल था, लेकिन उसे मार्च 2025 को हथियारों की तस्करी सहित विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण बर्खास्त कर दिया गया था. सीबीआई की इस कार्रवाई के बाद राज्य के विभिन्न हिस्सों में हिंसक प्रदर्शन शुरू हो गए. इस पूरे घटनाक्रम में गौर करने वाली बात यह है कि अगर किसी व्यक्ति पर हिंसक एवं आपराधिक घटनाओं में संलिप्त होने के आरोप में कार्रवाई होती है, तो इसे समुदाय विशेष से जोड़ कर क्यों देखा जा रहा है.

# बडे परिवार को ज्यादा आर्थिक अनुदान

भाआंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू अपने राज्य में जन्मदर बढ़ाना चाहते हैं और इसके लिए उन्होंने फाइनैंशल इन्सेंटिव्स देने की योजना बनाई है. चंद्रबाबू के इस फैसले के पीछे सामाजिक से ज्यादा राजनीतिक कारण हैं. हालांकि आबादी के मामले में चीजें इस तरह से काम नहीं करती हैं. नायडू का कहना है कि परिवार जितना बड़ा होगा, उसे उतना ही ज्यादा आर्थिक अनुदान मिलेगा. इससे पहले वह महिलाओं के लिए कितनी भी बार मैटर्निटी लीव और वर्कप्लेस पर बच्चों के लिए सेंटर जैसे नियम बना चुके हैं. विडंबना है कि इसी आंध्र प्रदेश में ऐसे लोगों को निकाय चुनावों में खड़े होने से रोकने के लिए नियमों में बदलाव किया गया था, जिनके 2 से ज्यादा बच्चे हैं. आंध्र की पॉलिसी में यह बदलाव आया कैसे? इसका जवाब बहुत कुछ संख्या बल की राजनीति में है. आंध्र समेत दक्षिण के सभी राज्यों में यह चिंता है कि कम आबादी की वजह से उनकी राजनीतिक हैसियत में कमी आई है. परिसीमन पर दक्षिण का विरोध इसी वजह से है कि उत्तर के राज्यों की तुलना में उनके यहां लोकसभा की सीटें कम बढ़ सकती हैं और इससे देश की सियासत में वह कमजोर पड़ जाएगा. चंद्रबाबू इसी के चलते दक्षिणी राज्यों से अपनी जनसंख्या नीति पर पुनर्विचार करने की अपील कर रहे हैं. हालांकि जनसंख्या इस तरह स्टॉप-स्टार्ट मोड में काम नहीं करती और इसका सबसे बड़ा उदाहरण चीन है. पेइचिंग ने करीब चार दशकों तक वन चाइल्ड पॉलिसी का सख्ती से पालन किया. जब इसका असर उसकी वर्कफोर्स पर पड़ा, तो 2015 में उसने दो बच्चों और फिर तीन बच्चों तक की छूट दे दी, लेकिन इससे उसकी जन्मदर पर खास फर्क नहीं पड़ा. वजह है कि शिक्षा का स्तर बढ़ने के साथ ही लोगों का ध्यान क्वॉलिटी लाइफस्टाइल की तरफ गया है. दक्षिण का डर कि उसकी आबादी गिर रही है, तस्वीर को अधूरा देखना है. असल में पूरे देश में जन्म दर में गिरावट आई है. सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम की 2021 की रिपोर्ट बताती है कि देश में फर्टिलिटी रेट (TFR) 2.0 है यानी हर कपल औसतन दो बच्चे पैदा कर रहा है. सबसे कम, 1.4 TFR दिल्ली और पश्चिम बंगाल का था. तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और केरल में फर्टिलिटी रेट 1.5, जबकि तेलंगाना और कर्नाटक में 1.6 दर्ज की गई थी.



# राशिफल





■ **मेष:** आज का दिन मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है. आर्थिक लाभ होने की संभावना है. आप अपने लवर के साथ बाहर घूमने जा रहे हैं, तो कुछ खूबसूरत पल बिता सकते हैं. किसी बड़े-बुजुर्ग की सलाह लाभकारी सिद्ध हो सकती है.

■ **वृषभ:** आज आपको मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. दिन की शुरुआत एक्सर-साइज से करने से सेहत अच्छी रहेगी. आज महत्वपूर्ण लोगों के साथ मुलाकात हो सकती है. रिश्तेदार सहयोग देंगे और आपके मन को परेशान कर रहे बोझ को हटा देंगे. रोमांटिक मूड में अचानक आया बदलाव आपको काफी परेशान कर सकता है.

■ **मिथुन:** आज का दिन आपके लिए आर्थिक रूप से अच्छा रहने वाला है. अपने खर्चों पर नजर रखें. जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे. अगर आप पढ़ाई या नौकरी के सिलसिले में घर से दूर रहते हैं तो आज अपने खाली समय का सदुपयोग अपने परिवार वालों से बात करके करें. व्यापार में उन्नति मिल सकती है.

■ **कर्क:** आज आप बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे. अपने लिए पैसे बचाने का आपका विचार आज पूरा हो सकता है. आज आप उचित बचत करने में सफल रहेंगे.

■ **सिंह:** भाग्य पक्ष की उच्चता श्रेष्ठ कार्यों के लिए प्रेरित करेगी. सभी का समर्थन पाएंगे. अवसरों को भुनाएंगे. कामकाज अपेक्षा से अच्छा रहेगा. धर्मकार्यों एवं पुण्यार्जन में वृद्धि होगी. आस्था और आत्मविश्वास बढ़ेगा. लाएंगे.

■ **कन्या:** आज आपकी एनर्जी भरपूर रहेगी लेकिन काम का दबाव आपको चिड़चिड़ा बना सकता है. अगर आपने किसी से उधार लिया है तो उन्हें आज रकम वापस करनी पड़ सकती है. किसी भी पार्टनरशिप के लिए कमिटेड होने से पहले अपनी आंतरिक भावना को सुनें. वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा.

■ **तुला:** सेहत के लिहाज से दिन अच्छा रहने वाला है. वित्तीय लेनदेन को सावधानी से संभालने की जरूरत है. लव लाइफ आज आपके लिए सचमुच कुछ अद्भुत लेकर आएगी. नई चीजों को सीखने के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है.

■ **वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है. आज आपका धन खर्च होने के कारण मानसिक तनाव हो सकता है. आपको ऐसे विवादास्पद मुद्दों से बचना चाहिए जो प्रिय लोगों के साथ विवाद का कारण बन सकते हैं. आज अपने लवर की भावनाओं को समझें. अपने बॉस और सीनियर्स के साथ अनबन से बचें. अपनों का साथ मिलेगा.

■ **धनु:** अपनी सेहत को अच्छा करने के लिए अच्छी डाइट लें. जिन व्यापारियों का संबंध विदेशी कारोबार से है, उन्हें आज धन हानि होने की संभावना है. अपने रिश्तेदारों के साथ कुछ खास प्लानिंग बनाएं.

■ **मकर:** आज आप धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे. ध्यान और योग आपकी मानसिक दृढ़ता को बढ़ाएंगे. कड़ी मेहनत आपकी रंग लाएगी और आज आपके लिए कुछ वित्तीय पुरस्कार लेकर आएगी. आज मिलने वाले खाली समय का लाभ उठाएं और परिवार के सदस्यों के साथ प्यार भरे पल बिताएंगे.

■ **कुंभ:** आज अपनी फीलिंग्स को कंट्रोल में रखें और गुस्सा करने से बचें. किसी अटके हुए धन की वापसी हो सकती है. आपको बच्चों या उन लोगों के साथ धैर्य रखने की जरूरत है जो आपसे कम अनुभवी हैं. सीनियर्स के सहयोग मिलने से ऑफिस में काम में तेजी आएगी.

■ **मीन:** आज आपका कोई सपना पूरा हो सकता है. अपने उत्साह को काबू में रखें. आपकी कमाई करने की क्षमता में सुधार होगा. अपने करियर की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए अपनी प्रोफेशनल क्षमता का इस्तेमाल करें. आपको अपने कार्यक्षेत्र में असीमित सफलता मिलने की संभावना है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 363



**बायें से दायें:-**

1. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'राजी राजी मैं हूँ राजी' गीत वाली फिल्म-3
4. 'उनके खयाल आये तो' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-2,2
6. मिथुन, मधु की 'हुस्न वालों से ये दिल बचाये' गीत वाली फिल्म-5
7. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी देओल, सोहेल, सुनील शेट्टी, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-3
9. अमिताभ, ऋतिक रोशन, प्रीति जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-2
11. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-3
13. अनिलकपूर, माधुरी दीक्षित की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-2
14. 'साँसों का चलना' गीत वाली सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की फिल्म-2
15. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-3
17. 'तूने ओ रंगीले ऐसा' गीत वाली राजकुमार, विनोद, प्रिया की फिल्म-4
19. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की 'आँखें भी होती' गीत वाली फिल्म-3
21. 'आये तुम याद मुझे' गीत वाली अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-2
22. फिल्म 'इश्क इश्क इश्क' में देव आनंद के साथ नायिका कौन थी-3
23. 'फूलों से जो खुशबू आये' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-2
24. फिल्म 'हुतूतू' में नायक कौन था-3
25. 'मेरा मन क्यों तुझे चाहे' गीत वाली आमिर खान, मनीषा की फिल्म-2
27. आमिर, टिवंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-2
29. 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फारूख शेख, पूनम ढिल्लों कीफिल्म-2
30. आमिताभ, रजनीकांत, माधवी की 'रोते रोते हँसना' गीतवाली फिल्म-2,3

**ऊपर से नीचे:-**

1. दिलीपकुमार, नर्गिस एक की फिल्म-3
2. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'तेरी ऑखों का दीवाना' गीत वाली फिल्म-3
3. 'पी कर शंकर जी की बूटी' गीत वाली ऋषिकपूर, नीलम की फिल्म-4
4. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीना की 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-3
5. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन अब्राहम, उदिता की फिल्म-2
8. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-3
10. 'मैं तेरे मन की मैना' गीत वाली अजय देवगन, काजोल की फिल्म-4
11. अमोल पालेकर, रंजीता की 'नाचो गाओ मौज' गीत वाली फिल्म-3
12. 'मेरे यार ये दिन हो' गीत वाली शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की फिल्म-3
14. 'रोज रोज आँखों तले' गीत वाली फिल्म-2
16. 'हर गोरी रानी' गीत वाली वहीदा, अमिताभ, जीनत, परवीन की फिल्म-3
17. अमिताभ, रति, वहीदा की 'दोनों जवानी की मस्ती में' गीत वाली फिल्म-2
18. 'कई बार यूं भी देखा है' गीत वाली अमोल पालेकर, विद्या की फिल्म-5
20. नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल, नताशा की 1982 की एक फिल्म-3
21. 'ओ रात के' गीत वाली किशोर कुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-2,2
26. अमिताभ, संजीव, हेमा, शर्मिला की फिल्म-3
28. 'नैनों में मेहबूब के' गीत वाली अक्षयकुमार, टिवंकल खन्ना की फिल्म-2

**फिल्म वर्ग पहेली- 362 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्लै | क | मे | ल | | जं | | बे | व | फा |
| क | | ला | ल | बं | ग | ला | | जू | |
| | ही | | का | | ली | | ग | द | र |
| मे | रा | ध | र | म | | रा | ज | | फ्ता |
| हं | | र्मा | | ह | वा | | ब | हा | र |
| दी | दी | | दि | ल | दा | र | | सि | |
| | दा | मु | ल | | | मा | ई | ल | व |
| सु | र | | से | ह | रा | | | | फा |
| हा | | य | | व | | ज | या | प्र | दा |
| ग | र्दि | श | | स | त्या | | दें | | र |

■ मंगल सैणचा, बेंगलोर

## अंकजाल - 363

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 10 | 7 | 23 | 15 | 21 | ■ | 27 | 33 | ■ |
| 30 | 5 | | 9 | | 5 | ■ | 8 | | 15 |
| 25 | | 3 | | 2 | | ■ | | 4 | 7 |
| ■ | ■ | ■ | 2 | | 7 | | 3 | | 34 |
| 14 | | 5 | | ■ | | 5 | | 8 | 22 |
| 22 | 9 | | 3 | | ■ | | 6 | | 18 |
| 25 | | 6 | | 5 | | 5 | ■ | ■ | ■ |
| 9 | 6 | | ■ | | 7 | | 8 | | 32 |
| 14 | 8 | | ■ | 1 | | 7 | | 2 | 18 |
| ■ | 28 | 22 | ■ | 18 | 14 | 39 | 11 | 7 | ■ |

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

**अंकजाल 362 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 15 | 15 | 38 | 36 | ■ | ■ | 27 | 16 | ■ |
| 20 | 6 | 3 | 4 | 7 | ■ | 8 | 8 | 5 | 21 |
| 22 | 4 | 9 | 2 | 7 | ■ | 5 | 8 | 7 | 20 |
| ■ | 5 | 3 | 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 2 | 34 |
| ■ | ■ | ■ | 6 | 7 | 9 | 3 | 7 | 2 | 34 |
| 34 | 5 | 7 | 2 | 5 | 7 | 8 | ■ | ■ | ■ |
| 43 | 9 | 2 | 3 | 8 | 5 | 6 | 7 | 3 | ■ |
| 15 | 6 | 4 | 5 | ■ | 5 | 5 | 8 | 6 | 24 |
| 18 | 4 | 6 | 8 | ■ | 7 | 3 | 5 | 6 | 21 |
| ■ | 24 | 19 | ■ | ■ | 40 | 41 | 20 | 15 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 363

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | गो | र | कु | छ | तो | है | म | ला | नी | क्या |
| न | ल | क | ज | इं | डो | ने | ह | क | जी | कु |
| बं | मा | आ | ट | म | न | इ | व | न | ना | ल |
| टी | ल | ल | मा | ज | ल | स | रा | प | सि | है |
| औ | मु | झे | कु | छ | क | ह | ना | है | फ | ह |
| गा | जे | कि | र | य | द | का | म | ल | मे | म |
| य | मा | दे | श | व | ह | स | त | पी | रे | दी |
| ब | दे | क | र्त | न | प | दि | खा | की | लि | श |
| ली | दि | ल | क | ले | दा | र | ल | क | ए | दे |
| क्षि | ज | ति | त | हि | द | ह | मा | ह | ल | र |
| ते | रा | जा | क्या | दि | ल | ने | क | हा | र | म |

शब्दजाल में तुषार कपूर की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

गोलमाल, क्या कुल है हम, कुछ तो है, जीना सिर्फ मेरे लिए, खाकी, मुझे कुछ कहना है, यह दिल, शर्त, गायब, क्या दिल ने कहा.

**शब्दजाल - 362 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जु | श | मु | म | स्ती | त | हो | प | न | र | द |
| र्म | क्रि | ल | ना | द | म | जा | अं | दा | ज | क |
| य | के | दो | हे | नि | इ | ना | न | व | टि | रु |
| इं | ट | स्ती | न | शा | वा | न्सा | क | ले | ज | की |
| प | दा | सा | भा | ने | तो | हो | न | गो | खा | त |
| ब | जि | त | प | ग | स | ए | व | सं | वॉ | व |
| द | प | न्दा | न | जी | म | ह | अ | गो | प्ला | द |
| क | र | क | प | क्श | प | भा | र | चो | आ | ख |
| र | व | त | म | रा | भी | त | ग | अ | न | अ |
| क | र | ल | प | र | ज | ता | रे | र | ह | द |
| मुं | ब | ई | से | आ | या | मे | रा | दो | स्त | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# सवालों के साथ होगी जनगणना

अंततः सरकार ने जनगणना की घोषणा कर ही दी. इस बार सामान्य जनगणना के साथ-साथ जातीय जनगणना भी की जाएगी. उम्मीद करते हैं कि जातीय जनगणना के आंकड़े पूरी ईमानदारी के साथ सार्वजनिक किए जाएंगे. 2011 में जो जनगणना कराई गई थी, उसमें जातीय डाटा अलग से इक_ा किया गया था, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार ने उस डाटा को सार्वजनिक नहीं किया था. सरकार की दलीलें क्या थीं, अब यह पुराना मुद्दा हो गया है. जातीय जनगणना के साथ सामाजिक न्याय और समरसता के राष्ट्रीय मुद्दे भी नत्थी हैं. क्या जातीय संख्या के आधार पर समुदायों के हित संबोधित किए जाएंगे? क्या आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फीसदी को खंडित कर उसे बढ़ाया जाएगा? क्या मौजूदा मोदी सरकार इस मुद्दे पर सर्वोच्च अदालत के सामने जाएगी? महत्वपूर्ण यह है कि शीर्ष अदालत का नजरिया क्या रहता है? यह जनगणना, 2027 होगी. 2011 के बाद यह जनगणना कराई जा रही है. आजादी के बाद और संविधान लागू होने के बाद प्रत्येक 10 वर्ष के बाद जनगणना कराई जाती रही है. कोरोना वैश्विक महामारी के कारण 2021 में जनगणना नहीं कराई जा सकी, लिहाजा अब कराई जा रही है. फिलहाल यह माना जा रहा है कि 1 मार्च, 2026 से आरंभ होकर जनगणना मार्च, 2027 तक पूरी कराई जा सकती है. बेशक जनगणना की खबर अच्छी है, लेकिन कई बड़े सवालिया निशानों के साथ यह खबर हम तक पहुंची है. सबसे अहम सवाल तो यह है कि जनगणना का अंतिम आंकड़ा और डाटा क्या 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले सार्वजनिक किया जाएगा? जनगणना के डाटा से परिसीमन का महत्वपूर्ण अभियान भी जुड़ा है. परिसीमन के बाद ही लोकसभा सीटों में बढ़ोतरी कर उन्हें 800 से अधिक किया जा सकेगा. परिसीमन के बाद ही महिला आरक्षण कानून लागू किया जा सकेगा. हालांकि संसद से यह विधेयक पारित किया जा चुका है.



जनसंवाद नेटवर्कस् प्रा. लि. हेतु राष्ट्रबाण (प्रेस) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विष्णुगुप्त श्रीनिवास वैद्य द्वारा यह मुद्रित कर 101/5 गणेश स्नेहल अपार्टमेंट नागपुर-22 से प्रकाशित. प्रधान संपादक - *विष्णुगुप्त श्रीनिवास वैद्य, *पी. आर. बी. कानून के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार ■ इस पत्र में प्रकाशित विज्ञापन, लेख व समाचारों में व्यक्त विचार व्यक्तिगत है. उनसे हमारा सहमत-असहमत होना जरुरी नहीं. RNI Reg. No. HIN/72804 ■ फोन नं. 0712-7966355, rashtrabaanngp@gmail.com

# ऑस्ट्रिया के स्कूल में भीषण गोलीबारी

## हमलावर छात्र समेत 11 लोगों की मौत! क्या थी वजह?



राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** ऑस्ट्रिया के एक स्कूल में गोलीबारी की एक घटना में 11 लोगों की मौत हो गई है. ऑस्ट्रियाई ब्रॉडकास्टर ओआरएफ ने गृह मंत्रालय के हवाले से बताया कि मंगलवार को दक्षिण-पूर्वी ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर में एक स्कूल में हुई गोलीबारी में कई लोगों की मौत हो गई, जिसमें संदिग्ध हमलावर भी शामिल है.
शूटर कथित तौर पर एक छात्र है जिसने स्कूल के दो कक्षाओं में गोलियां चलाईं. बाद में वो खुद शौचालय में मृत अवस्था में पाया गया. इस गोलीबारी के पीछे हमलावर का मकसद क्या था,

> गोलीबारी के बाद स्कूल के छात्रों को उनके माता-पिता को सौंप दिया गया है जबकि घायलों का इलाज किया जा रहा है. यह गोलीबारी 20 जून 2015 को ग्राज शहर में हुई गोलीबारी की दसवीं वर्षगांठ से पहले हुई, जिसमें 3 लोग मारे गए थे.

यह पूरी तरह साफ नहीं हो पाया है लेकिन संभवतः बुलिंग की वजह से हमला हो सकता है. घटना से जुड़े कई वीडियो फुटेज सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं. ऑस्ट्रियाई पुलिस का कहना है कि स्कूल से गोलीबारी की आवाजें आने के बाद सुबह 10 बजे से ही पुलिस शहर में बड़ा ऑपरेशन चला रही है. ऑस्ट्रियाई ब्रॉडकास्टर के मुताबिक, शूटिंग में कुछ छात्र और शिक्षक बुरी तरह घायल भी हुए हैं. सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल है जिसमें स्कूल के बाहर पुलिस की तैनाती दिख रही है. एक वीडियो में हमले के प्रभावितों को हेलिकॉप्टर से ले जाया जा रहा है. ऑस्ट्रिया की पुलिस के मुताबिक, जिस इलाके में हमले से प्रभावित सेकेंड्री स्कूल स्थित है, वहां ऑपरेशन चलाया जा रहा है. स्कूल बिल्डिंग की तलाशी ली गई है और पूरे स्कूल की घेराबंदी कर दी गई है. अखबार के मुताबिक, एक महिला शिक्षक के पति ने बताया कि जब गोलीबारी हो रही थी तब उनकी पत्नी अपने छात्रों के साथ क्लास में थीं और उन्होंने कई गोलियां चलने की आवाजें सुनीं.

# आंध्र प्रदेश में प्रेम प्रसंग में छात्रा की हत्या

## शादीशुदा प्रेमी ने दिया वारदात को अंजाम, गिरफ्तार

राष्ट्रबाण




**अनंतपुर.** आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में प्रेम प्रसंग में एक छात्रा की हत्या के मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी की पहचान नरेश के रूप में हुई है, जिस पर इंटर की छात्रा तन्मयी की हत्या का आरोप है. आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है. उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है. पुलिस इस मामले की जांच कर रही है.
एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस महीने की तीन तारीख को ये वारदात सामने आई थी. आरोपी नरेश अनंतपुर शहर के रामकृष्ण कॉलोनी की इंटर की छात्रा तन्मयी को बाइक पर बैठाकर एक जगह पर ले गया, जहां वे अक्सर मिलते थे. वहां जाने के बाद उसने छात्रा के सिर पर पत्थर से वार करके उसकी बेरहमी से हत्या कर दी. उस शाम को पीड़िता जब अपने घर नहीं लौटी तो आरोपी पर संदेह हुआ. पीड़िता के माता-पिता ने पुलिस स्टेशन में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई. इस मामले में केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच की तो चौंका देने वाला खुलासा है. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. उससे पूछताछ में उसने हैरान कर देने वाले खुलासे किए. एसपी

> इससे नाराज होकर नरेश ने खौफनाक प्लान बनाया. वो उसे लेकर सूनसान जगह पर गया और उसकी बेरहमी से हत्या कर दी. इसके बाद मौके से फरार हो गया, लेकिन अब पुलिस की गिरफ्त में है. एसपी ने बताया कि इस मामले में लापरवाही बरतने वाले वन टाउन सीआई राजेंद्रनाथ यादव को निलंबित कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐसी घटनाओं को गंभीरता से लिया है. आरोपियों को गिरफ्तार कर न सिर्फ कानून के मुताबिक सजा दिलाई जा रही है, बल्कि जांच में नरेश के अपराध कबूलने की बात भी सामने आई है. पुलिस की एक टीम इस मामले में आगे की जांच में जुटी हुई है.

जगदीश ने बताया कि नरेश तीन महीने पहले तन्मयी से मिला था. वे एक महीने से एक-दूसरे से प्यार कर रहे थे. नरेश पहले से शादीशुदा था. इधर तन्मयी उस पर शादी करने का दबाव बनाने लगी. उसने उसे समझाया कि वो दोबारा शादी नहीं करना चाहता था. लेकिन लड़की उस पर लगातार दबाव बनाती रही. इस दौरान उसे रिश्ता तोड़ने की धमकी भी दी.

# 65 करोड़ की ब्लैकमेलिंग केस में TV एंकर समेत 2 गिरफ्तार

## घर से 34.50 लाख कैश बरामद

राष्ट्रबाण



**नोएडा.** नोएडा के थाना सेक्टर-58 पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 65 करोड़ की ब्लैकमेलिंग साजिश का पर्दाफाश किया है. इस मामले में पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान शाजिया निसार और आदर्श झा के रूप में हुई है. दोनों पर आरोप है कि वे एक निजी समाचार चैनल के अधिकारियों को धमकाकर और यौन उत्पीड़न केस में फंसाने की धमकी देकर मोटी रकम की मांग कर रहे थे.
**शाजिया निसार के घर से 34.50 लाख कैश बरामद:** पुलिस को दी गई शिकायत में बताया गया कि आरोपी पहले 5 करोड़ रुपये की मांग कर रहे थे, लेकिन बाद में यह रकम बढ़ाकर 65 करोड़ रुपये कर दी गई. आरोपियों द्वारा दिए गए धमकी के ऑडियो और वीडियो भी मौजूद हैं. थाना सेक्टर-58 पुलिस ने शिकायत के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

# भारत की 11 साल में मजबूत आत्मनिर्भरता

## अमेरिका-फ्रांस और 80 देशों को बेच रहा रक्षा सामान

राष्ट्रबाण



**नई दिल्ली.** रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की शुरुआत कई दशक पहले हो गई थी, लेकिन पिछले 11 सालों में इसने अभूतपूर्व गति पकड़ी है. आज भारत दुनिया में अपनी रक्षा क्षमताओं के मामले में कई एलीट ग्रुप्स का सदस्य बन गया है. भारत न केवल अपनी सेना को स्वदेशी सैन्य उपकरणों से मजबूत कर रहा है. बल्कि इन्हें दुनिया भर के देशों को बेच भी रहा है. भारत की रफ्तार इतनी तेज हो गई है कि सभी पुराने रिकॉर्ड टूट गए हैं.
रक्षा निर्यात की वृद्धि
निर्यात का आंकड़ाः 2024-25 में भारत का रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ रुपये पहुंच गया है.
वृद्धिः पिछले साल 2023-24 में यह 21,083 करोड़ रुपये था, जो 12.04 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है. इसमें 2,539 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई.
लक्ष्यः 2029 तक रक्षा निर्यात को 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है.
पहले का आंकड़ाः 2004-2014 में रक्षा निर्यात सिर्फ 4,312 करोड़ रुपये था, जो 2014-2024 में 88,319 करोड़ रुपये हो गया. डीपीएसयू और प्राइवेट कंपनियां2024-25 में निर्यातः कुल निर्यात में से डीपीएसयू (डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग) ने 8,389 करोड़ रुपये का निर्यात किया, जबकि प्राइवेट कंपनियों ने 15,233 करोड़ रुपये कमाए.
पिछले साल की तुलना मेंः 2023-24 में डीपीएसयू का निर्यात 5,874 करोड़ रुपये और प्राइवेट कंपनियों का 15,209 करोड़ रुपये था. डीपीएसयू का निर्यात 42.85 प्रतिशत बढ़ा है.उत्पादन वृद्धिः पिछले 10 सालों में रक्षा उत्पादन 174 प्रतिशत बढ़ा है. 2014-15 में यह 46,429 करोड़ रुपये था, जो 2023-24 में 1,27,265 करोड़ रुपये हो गया.

### स्वदेशी उत्पादन

> भारत अब अपनी जरूरतें स्वदेशी हथियारों से पूरी कर रहा है. रक्षा मंत्रालय ने पॉजिटिव इंडिजिनाइजेशन लिस्ट के तहत सैकड़ों तरह के हथियार, उपकरण और स्पेयर पाट्र्स के आयात पर रोक लगा दी है. आज भारत हथियारों को विदेश से खरीदने की जगह, उन्हें दुनिया को बेच रहा है.

## फास्ट ट्रैक

### दिल्ली कैबिनेट ने स्कूल एजुकेशन बिल को दी मंजूरी

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** दिल्ली कैबिनेट ने निजी स्कूलों द्वारा ली जाने वाली फीस को विनियमित करने के लिए स्कूल एजुकेशन बिल को मंजूरी दे दी है. शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने इसकी घोषणा करते हुए कहा, आज दिल्ली कैबिनेट ने दिल्ली स्कूल शिक्षा (फीस निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता) विधेयक को मंजूरी दे दी है. इसे 1 अप्रैल, 2025 से पूर्वव्यापी रूप से लागू किया जाएगा. यह विधेयक राष्ट्रपति के पास उनकी सहमति के लिए भेजा जाएगा. यह दिल्ली के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है. दिल्ली स्कूल एजुकेशन बिल 2025 का उद्देश्य राजधानी के सभी निजी गैर-सहायता प्राप्त और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में फीस स्ट्रक्चर को विनियमित(रेगुलेट) करना है. इस बिल में स्कूल किसी भी तरीके से तय सीमा से अधिक फीस नहीं वसूल सकते. अगर किसी छात्र को फीस को लेकर परेशान किया जाता है तो शिक्षा निदेशक द्वारा उस पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा. साथ ही यह भी कहा गया है कि अगर कोई संस्थान इस विधेयक के नियमों का उल्लंघन करता है तो सरकार उसकी संपत्ति को सील करके बेच सकती है.

# वजाहत खान की जमानत याचिका खारिज

## 16 जून तक पुलिस रिमांड में भेजे गए



राष्ट्रबाण

**कोलकाता.** सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और लॉ स्टूडेंट शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले वजाहत खान को लेकर मंगलवार को अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया. कोर्ट ने उसकी जमानत याचिका को खारिज करते हुए पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया है. अब खान 16 जून तक पुलिस रिमांड में रहेगा.
मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने पुलिस की दलीलों को सुनने के बाद यह फैसला सुनाया. पुलिस ने कोर्ट को बताया कि मामले में गहन पूछताछ की आवश्यकता है, जिसके लिए आरोपी की हिरासत जरूरी है.
**धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में वजाहत खान गिरफ्तारः** सोशल मीडिया पर भड़काऊ और आपत्तिजनक पोस्ट डालने के मामले में शिकायतकर्ता वज़ाहत खान को कोलकाता पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया. वजाहत पर धार्मिक भावनाएं भड़काने और नफरत फैलाने जैसे गंभीर आरोप हैं. बताया जा रहा है कि वह 1 जून से फरार था और तीन बार नोटिस दिए जाने के बावजूद पुलिस के सामने पेश नहीं हुआ. पुलिस ने गार्डन रीच स्थित उसके घर पर कई बार छापेमारी की और आखिरकार उसे हिरासत में ले लिया.
**शर्मिष्ठा पनोली को पहले ही किया गया था गिरफ्तारः** इससे पहले लॉ स्टूडेंट और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली को 30 मई को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया था. उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें मुस्लिम बॉलीवुड सितारों को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चुप्पी साधने को लेकर निशाना बनाया गया था. इस वीडियो में प्रयुक्त भाषा को सांप्रदायिक और भड़काऊ बताया गया. गिरफ्तारी के बाद शर्मिष्ठा ने वीडियो हटाकर सार्वजनिक माफी भी मांगी थी.

### सोशल मीडिया पोस्ट बना गिरफ्तारी की वजह

> वजाहत खान के खिलाफ गोल्फ ग्रीन थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी. आरोप है कि उसने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर हिंदू देवी-देवताओं और परंपराओं के खिलाफ अश्लील, अपमानजनक और भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल किया. इस मामले में 'श्री राम स्वाभिमान परिषद' ने 2 जून को उसके खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज कराई थी.

# अमेरिका में भारतीय छात्र से अपराधियों जैसा सलूक

## अब अमेरिकी दूतावास ने जारी किया बयान

राष्ट्रबाण



**वाशिंगटन.** अमेरिका में भारतीय छात्र के साथ बदसलूकी के मामले पर लगातार हंगामा मचा हुआ है. दरअसल, यहां नेवार्क लिबर्टी इंटर-नेशनल एयरपोर्ट से एक वीडियो सामने आया है जिसमें एक भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर निर्वासित किये जाने की बात सामने आई है. अमेरिकी अधिकारियों ने भारतीय छात्र को नीचे जमीन पर लिटाकर उसे घुटनों से भी दबाकर रखा. इस मामले पर काफी हंगामा होने के बाद अब भारत में स्थित अमेरिकी दूतावास ने भी अपना बयान जारी किया है. आइए जानते हैं कि उन्होंने क्या कहा.
अमेरिकी दूतावास ने क्या कहा?
अमेरिका में एयरपोर्ट पर भारतीय छात्र से बदसलूकी की घटना को लेकर अमेरिकी दूतावास ने कहा- अमेरिका अपने देश में वैध यात्रियों का स्वागत करना जारी रखेगा. हालांकि, अमेरिका की यात्रा करना कोई अधिकार नहीं है. हम अवैध प्रवेश, वीजा के दुरुपयोग या अमेरिकी कानून के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करेंगे.
अमेरिका में भारतीय दूतावास ने क्या कहा?
भारतीय छात्र से अपराधियों जैसे सलूक का मामला सामने आने के बाद न्यूयॉर्क में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने भी बयान जारी किया है. दूतावास ने लिखा- हमें सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से जानकारी मिली है कि एक भारतीय नागरिक नेवार्क लिबर्टी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कठिनाइयों का सामना कर रहा है.

### छात्र से अपराधियों जैसा सलूक- प्रत्यक्षदर्शी

> दरअसल, भारतीय-अमेरिकी उद्यमी कुणाल जैन सोशल मीडिया पर इस पूरी घटना को लेकर वीडियो जारी किया था. इसके बाद इसके बारे में लोगों को जानकारी पता लगी. उन्होंने लिखा- मैंने एक युवा भारतीय छात्र को निर्वासित होते देखा. उसे हथकड़ी लगाया गया, उससे अपराधी की तरह व्यवहार किया गया और वह रो रहा था. वह यहां अपने सपनों के पीछे आया था, नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं. एक NRI के तौर पर मैं असहाय और दुखी महसूस कर रहा था.

# रूस ने यूक्रेन पर फिर बरपाया कहर

## ड्रोन और मिसाइलों से किए ताबड़तोड़ हमले

राष्ट्रबाण

**कीव.** रूस की ओर से यूक्रेन पर ताबड़तोड़ हमले जारी है. रूस के ताजा हमलों ने यूक्रेन को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया है. रूस ने मंगलवार तड़के एक बार फिर यूक्रेन के 2 शहरों पर बड़ी संख्या में ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए हैं. रूस की ओर से किए गए इन हमलों में 2 लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हुए हैं. यूक्रेन के अधिकारियों ने रूसी हमलों के बारे में जानकारी दी है.
क्या बोले जेलेंस्की?
यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक बयान में हमले को युद्ध के दौरान 'अब तक के सबसे बड़े हमलों में से एक' बताया है. उन्होंने कहा कि रूस ने रात के दौरान 315 ड्रोन और सात मिसाइल दागीं. उन्होंने कहा कि दागे गए ड्रोन में से अधिकतर 'शहीद' ड्रोन थे. जेलेंस्की ने हमले के मद्देनजर अमेरिका और यूरोप से 'ठोस कार्रवाई' का आह्वान किया है.



### रूसी हमलों में इमारतों को पहुंचा नुकसान

> ओडेसा के प्रांतीय प्रमुख ओलेह किपर ने कहा कि हमले में दक्षिणी बंदरगाह शहर के केंद्र में स्थित एक प्रसूति अस्पताल और आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं. क्षेत्रीय अभियोजक कार्यालय के एक बयान के अनुसार, शहर में 2 लोग मारे गए और 9 घायल हो गए. कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि राजधानी पर हुए हमले में 4 लोग घायल हुए हैं. इस बीच यहां यह भी बता दें कि, रूस की ओर से हमले आमतौर पर रात के समय ही होते हैं और जो सुबह तक जारी रहते हैं. रूस ऐसा इसलिए करता है क्योंकि अंधेरे में ड्रोन को पहचानना मुश्किल होता है. रूस और यूक्रेन के बीच जंग में अब तक 12 हजार से अधिक यूक्रेनी नागरिक मारे गए हैं. रूस का कहना है कि वह सिर्फ सैन्य ठिकानों को निशाना बनाता है.

# सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर की पिटाई

## युवक ने की थप्पड़ों की बरसात, VIDEO वायरल

राष्ट्रबाण



**जौनपुर.** यूपी के जौनपुर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. यहां सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर की एक युवक ने पिटाई कर दी है. इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि आरोपी युवक पहले महेंद्र राजभर को माला पहनाता है और फिर उनके ऊपर थप्पड़ों की बरसात कर देता है. इस घटना पर यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव का बयान भी सामने आया है.

**क्या है पूरा मामला?**

जौनपुर में आज सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर को एक युवक ने भरी सभा में पीट दिया. युवक ने पहले उन्हें माला पहनाई और फिर उनके ऊपर थप्पड़ों की बरसात कर दी. मामला जौनपुर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के नहोरा आशापुर गांव में एक स्वागत समारोह के दौरान सामने आया.

### सपा नेता अखिलेश यादव ने घटना का जिक्र करते हुए बीजेपी को घेरा

> यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'वयोवृद्ध और वरिष्ठ नेता महेंद्र राजभर पर हुआ हिंसक हमला भाजपा के राज में 'पीडीए समाज' पर लगातार बढ़ते जा रहे अपमानजनक व्यवहार और अत्याचार का एक और निंदनीय उदाहरण है. भाजपा अगर सोचती है कि वो किसी समाज को अंदर से तोड़कर अपनी विभाजनकारी राजनीति को बनाए रखेगी तो ये उसकी गलत-फहमी है. अगर इस हमले में भाजपा की नजरअंदाजी शामिल नहीं है तो इस हमलावर को तत्काल गिरफ्तार करके, उसके किए की सजा दी जाए.

**मामला** मौत का लाइव VIDEO है भयावह

# द्वारका अग्निकांड में पिता और 2 बच्चों ने गंवा दी जान

राष्ट्रबाण



**नई दिल्ली.** दिल्ली के द्वारका सेक्टर-13 स्थित सपथ सोसाइटी की इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई. पिता और दो बच्चों की मौत कैसे हुई इसका वीडियो सामने आया है. दरअसल, रिहायशी इमारत की आठवीं और नौवीं मंजिल पर आग लगी थी. आग से बचने के लिए एक शख्स और उसके दो बच्चे इमारत से कूद गए और उनकी जान चली गई. वीडियो में देखा जा सकता है कि अपार्टमेंट बिल्डिंग आग की लपटें और घना धुआं से घिरी हुई है. इस आग से बचने के लिए पिता और दो बच्चों ने बालकनी से छलांग लगा दी और उनकी मौत हो गई.
**आठवीं मंजिल की बालकनी से लगाई छलांग :** पुलिस के अनुसार, दो बच्चे (10 से 12 साल की उम्र का एक लड़का और एक लड़की) खुद को बचाने के लिए आठवीं मंजिल की बालकनी से कूद गए. घायल अवस्था में उन्हें आकाश अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. बाद में उनके पिता यश यादव (35) ने भी उसी बालकनी से छलांग लगा दी. उन्हें आईजीआई अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया. यश यादव की पत्नी और भतीजी को भी घायल अवस्था में आकाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यादव का फ्लेक्स बोर्ड का कारोबार था. यह परिवार इमारत की ऊपरी दो मंजिलों पर डुप्लेक्स में रहता है.
**हाउसिंग अपार्टमेंट की 8वीं और 9वीं मंजिल पर लगी थी आग :** पुलिस ने बताया कि आग एमआरवी स्कूल के पास स्थित हाउसिंग अपार्टमेंट की आठवीं और नौवीं मंजिल पर लगी. दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, विभाग को सुबह 10.01 बजे आग लगने की सूचना मिली. शुरू में दमकल की आठ गाड़ियां मौके पर भेजी गई थी, लेकिन आग की भीषण स्थिति स्पष्ट होने पर दमकल की और गाड़ियां घटनास्थल भेजी गईं. आग को काफी दूर से देखा जा सकता था. मौके पर मौजूद एक अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि ऊपरी मंजिलों से काला धुआं निकल रहा था और सातवीं मंजिल के फ्लैट से लपटें निकल रही थीं.
**सोसाइटी के सभी लोगों को निकाला गया बाहर :** सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में राहगीरों को अपने मोबाइल फोन पर आग की तस्वीरें लेते हुए देखा जा सकता है. एक महिला द्वारा पास की इमारत से रिकॉर्ड किए गए वीडियो में एक आवाज़ सुनाई दे रही है, जिसमें कहा गया है, ₹भगवान उनकी मदद करें!एक पुलिस अधिकारी ने कहा, सोसाइटी के सभी लोगों को बाहर निकाल लिया गया है और बिजली और पीएनजी कनेक्शन जैसी सभी आवश्यक सेवाएं बंद कर दी गई हैं.

### निचली मंजिल वाले लोग जल्दी बाहर निकल गए

> पुलिस अधिकारी ने कहा कि दिल्ली विकास प्राधिकरण और दिल्ली नगर निगम को इमारत की संरचनात्मक स्थिरता का आकलन करने के लिए सूचित कर दिया गया है. जो लोग इमारत से बाहर निकल पाए, उन्होंने अंदर फंसे लोगों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना की. छठी मंजिल पर मौजूद लोगों को खिड़कियां तोड़ते देखा गया. जो लोग निचली मंजिलों पर थे, वे जल्दी बाहर निकलने में कामयाब रहे. लेकिन जो लोग ऊपर थे, उन्हें बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा. एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया, "हमने देखा कि कुछ लोग बालकनी पर चढ़कर मदद के लिए संकेत देने की कोशिश कर रहे थे.₹ आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है. आग बुझाने का काम अब भी जारी है और घटनास्थल पर एक दर्जन से अधिक दमकल गाड़ियां तैनात हैं

### भारत की चाल से पस्त हो जाएगा पाकिस्तान

**नई दिल्ली.** तुर्किए जब भूकंप जैसी भीषण आपदा से कराह रहा था तो सबसे पहले मदद के लिए भारत ने हाथ बढ़ाया था. भारत ने महज 12 घंटों के भीतर राहत सामग्री और बचाव दल को तुर्किए में उतार दिया था. भारत ने एनडीआरएफ की 3 टीमों को भी तुर्की में तैनात किया था. लेकिन, तुर्किए ने इस मदद के जवाब में भारत के साथ जो किया है वो दुनिया ने देखा है. भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ी टेंशन में तुर्किए खुलकर पाकिस्तान के समर्थन में खड़ा है. तुर्किए ने न सिर्फ खुलकर पाकिस्तान के सपोर्ट में बयान दिए बल्कि भारत के खिलाफ संघर्ष में पाकिस्तान को ड्रोन और अन्य सैन्य उपकरण भी दिए हैं.

# 20 लाख महिलाओं को लगेगा झटका!

## सरकार लाड़ली योजना से हटाएगी टैक्सपेयर्स को




राष्ट्रबाण

**मुंबई.** महाराष्ट्र सरकार की लाड़ली बहन योजना में अब अपात्र लाभार्थियों की छंटनी का रास्ता साफ हो गया है. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए महिलाओं की आयकर संबंधी जानकारी राज्य सरकार को उपलब्ध कराने की मंजूरी दे दी है. करीब 6 महीने पहले महाराष्ट्र सरकार ने इसकी मांग केंद्र सरकार से की थी. इस फैसले के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग अब आयकर रिटर्न (ITR) के डेटा के आधार पर यह पहचान कर सकेगा कि लाभार्थी महिला टैक्सपेयर है या नहीं. यदि कोई महिला टैक्स भरती पाई जाती है, तो उसे योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा.लाड़ली बहन योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना है. इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1,500 रुपयों तक की सहायता दी जाती है. योजना विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वर्ग की महिलाओं को सशक्त करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी.

लाड़ली बहन योजना की मूल समीक्षा जनवरी 2025 को हुई थी. इस साल संरचना की समीक्षा शुरू हुई और नीति के तहत ओवरलैपिंग लाभ वाले पात्र महिलाओं की पहचान की गई. महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिती तटकरे ने अनुमानित रूप से 20 लाख (2 मिलियन) लाभार्थियों को योजना से बाहर किए जाने की बात कही थी. मई-जून 2025 में तकरीबन 2 लाख (200,000) आवेदनों की जांच में 2,289 सरकारी कर्मचारियों को योजना से लाभ लेते हुए पाया गया, जिन्हें लाभ से हटा दिया गया. बाद में 2,652 सरकारी कर्मचारी लाभार्थियों की पहचान की गई, जिनसे 3.58 करोड़ रुपये की धनराशि वापस ली जा रही है.महाराष्ट्र सरकार का यह कदम यह साबित करता है कि योजनाओं का लाभ केवल जरूर-तमंदों तक सीमित रखने के लिए तकनीकी संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जा रहा है. इससे न केवल वित्तीय भार कम होगा, बल्कि सार्वजनिक धन का दुरुपयोग रोकने में मदद मिलेगी.

### अन्य योजनाओं के लाभार्थियों की कटौती

अप्रैल 2025 में लगभग 8 लाख (800,000) महिलाओं की मासिक राशि 1,500 रुपये से घटाकर 500 रुपये कर दी गई, क्योंकि वे "नमो शेतकरी महासम्मान निधि" जैसी अन्य योजनाओं से 1,000 रुपये मासिक लाभ उठा रही थीं.महाराष्ट्र सरकार का यह कदम यह साबित करता है कि योजनाओं का लाभ केवल जरूरतमंदों तक सीमित रखने के लिए तकनीकी संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जा रहा है.

### अब क्या होगा?

इस मामले में अब प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगा, कुछ कदमों की मदद से अपात्रित महिलाओं की पहचान की जाएगी, जैसे

- टैक्स फाइल करने वाली महिलाओं की पहचान की जाएगी.
- पात्रता की दोबारा समीक्षा होगी.
- जल्द ही राज्य सरकार एक परिपत्र जारी कर सकती है.
- योजना से बाहर की गई महिलाओं को सूचना दी जाएगी.

## 'धारावी पुनर्विकास परियोजना नागरिकों के लिए नहीं अदाणी के लिए है': आदित्य ठाकरे

राष्ट्रबाण



**मुंबई.** शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने सोमवार को यह आरोप लगाया कि धारावी पुनर्विकास परियोजना का उद्देश्य धारावी के निवासियों का कल्याण नहीं, बल्कि अदाणी समूह को लाभ पहुंचाना है. मुंबई के उत्तर-पूर्वी हिस्से मुलुंड में एक बैठक को संबोधित करते हुए ठाकरे ने यह कहा, धारावी के लोगों को बसाने के नाम पर जमीन अदाणी समूह को दी जा रही हैं. यह कहां की इंसानियत है? जब हमारी सरकार ने जंगलों को बचाने के लिए मेट्रो कार शेड को आरे से स्थानांतरित करना चाहा तो केंद्र सरकार ने अनुमति ही नहीं दी.आदित्य ठाकरे ने यह कहा, जब उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री थे, तब 500 वर्ग फुट से कम के मकानों का संपत्ति कर माफ कर दिया गया था. लेकिन बीजेपी सरकार बनने के बाद यह फैसला वापस ले लिया गया था. दूसरी ओर, अदाणी समूह को मुंबई की जमीनें लगभग मुफ्त में दी जा रही हैं. बृह्नमुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) देवनार डंपिंग ग्राउंड को सौंपना नहीं चाहती थी, लेकिन अदाणी समूह ने अपने सरकारी संपर्कों के जरिए यह जमीन भी हासिल कर ली.आदित्य ठाकरे ने यह दावा किया कि देवनार डंपिंग ग्राउंड की सफाई के बाद वह जमीन अदाणी समूह को सौंपी जाएगी और उसकी सफाई की लागत आम नागरिकों से 'कचरा कर' के रूप में वसूली जाएगी.

## फास्ट ट्रैक

### SBI के अधिकारी को मारा थप्पड़

#### मराठी भाषा पर मचा बवाल



राष्ट्रबाण

**मुंबई.** महाराष्ट्र में एक बार फिर मराठी अस्मिता को लेकर विवाद गरमा गया है. इस बार बवाल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ब्रांच में हुआ है. धुले जिले की देवपुर शाखा में बैंक के अधिकारी पर मराठी भाषा और एक महिला शिक्षिका का अपमान करने का आरोप लगा है. मामला इतना बढ़ा कि शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के कार्यकर्ता बैंक में पहुंच गए और उन्होंने एक अधिकारी को थप्पड़ जड़ दिया. दोनों पक्षों पर पुलिस में केस दर्ज हो चुका है.वहीं आरोप है कि बैंक मैनेजर ने विवादित बयान दिया था कि तुम मराठी लोग ऐसे ही होते हो. मामला 4 जून की शाम का है. एक महिला शिक्षिका गोल्ड लोन की किस्त भरने देवपुर SBI शाखा पहुंचीं. आरोप है कि बैंक मैनेजर अतुल राजेंद्र कुमार गांधी ने उनसे मराठी में बात करने से इनकार करते हुए कहा कि मुझे मराठी नहीं आती, हिंदी में बात करो. तुम मराठी लोग कभी भी चले आते हो!शिक्षिका का यह आरोप है कि अधिकारी ने उन्हें गुजराती में अपशब्द कहे. मराठी भाषा का अपमान किया.घटना से आहत शिक्षिका ने शिवसेना (उद्धव गुट) के नेताओं से संपर्क किया. सोमवार को स्थानीय नेता धीरज पाटिल की अगुवाई में शिवसैनिक बैंक पहुंचे. तब तक मुख्य आरोपी मैनेजर अतुल गांधी वहां से फरार हो चुका था. गुस्साए शिवसैनिकों ने मौजूद अधिकारी सदाशिव अजगे से जवाब-तलब किया और इसी दौरान एक शिवसेना पदाधिकारी ने उन्हें थप्पड़ मार दिया.

## 'मोदी सरकार के 11 साल' पर CM फडणवीस की प्रतिक्रिया

### कोरोना से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक का किया जिक्र

राष्ट्रबाण



**मुंबई.** केंद्र में सत्ता के 11 साल पूरे होने के अवसर पर बीजेपी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में जश्न की तैयारी कर रही है. वहीं बीजेपी शासित राज्यों के नेताओं में भी इसको लेकर काफ जोश है. इस मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए भारत की बीते 11 सालों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए 'नेशन फर्स्ट' लिखते हुए वीडियो शेयर किया. उन्होंने लिखा, "ऑपरेशन सिंदूर में मिसाइलों की गर्जना हुई, हमारे लोगों को वापस लाने के लिए उड़ानें भरी गईं और टीके आशा लेकर महाद्वीपों को पार कर गए. भारत ने न केवल अपने रक्षक के रूप में, बल्कि विश्व के भरोसेमंद साझेदार के रूप में भी आगे आया है. उनके अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में देश ने न सिर्फ आंतरिक सुरक्षा को मजबूत किया, बल्कि वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका को मजबूत बनाया है. वीडियो में भारत की रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में आत्मनि-र्भरता की अद्भुत चीजें बतायी गई है. इसमें बताया गया है कि भारत ने 23622 करोड़ रुपये के रक्षा उत्पाद 100 से अधिक देशों को निर्यात किए हैं. रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादों की वृद्धि 174 प्रतिशत रही है. साल 2024 में देश का पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर INS विक्रांत नौसेना में शामिल हुआ. साथ ही लगभग 20,000 करोड़ रुपये की ब्रह्मोस मिसाइल डील हुई, जिसमें फिलीपींस को पहली बार इसका निर्यात किया गया.

## 'दंगों से ज्यादा मौतें ट्रेन हादसों में हो रही'

### 'क्या जो लोग रेलवे में मरे, उनका सिंदूर नहीं था':अविनाश जाधव

राष्ट्रबाण



**मुंबई.** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नेता अविनाश जाधव का मुंब्रा रेल हादसे पर बड़ा बयान आया है. उन्होंने कहा कि जितने लोग दंगे में नहीं मरते, उससे ज्यादा तो ट्रेन दुर्घटना से मर जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि क्या जो लोग रेलवे में मरे, उनका सिंदूर नहीं था. उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि जैसे बाकी रेलवे बोर्ड है, ठीक वैसे मुंबई रेलवे बोर्ड भी बने.उन्होंने कहा कि रेलवे को इतनी कमाई होती है, लेकिन वह बोर्ड नहीं बना रहे हैं. कश्मीर में चिनाब ब्रिज बनाने के लिए इंजीनियर है, लेकिन इधर ट्रेन कहां मोड़ ले रही है और कितनी दूरी है, यह इन्हें नहीं पता है. मनसे पहले भी मांग करती आ रही है और आगे भी करेगी, हमारे आंदोलन का असर दिखता रहेगा. अविनाश जाधव ने कहा कि 10 साल पहले महज 2 लाख लोग ठाणे ट्रेन से ट्रैवल करते थे, अब 16 लाख हो गए हैं. लोग बढ़ते हैं, लेकिन इनका इंतजाम नहीं है. उन्होंने कहा कि मनसे कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए ठाणे स्टेशन पर कड़ा बंदोबस्त किया गया है.

**मनसे ने रेलवे को पत्र सौंपा, इन मांगों को रखा**

- तीन माह पूर्व लिखित पत्र में संभावित दुर्घटना की संभावना का अनुमान होने पर रेल प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई की लिखित जानकारी प्रस्तुत की जाए.
- मुंबई लोकल ट्रेनों में यात्रियों की संख्या और ट्रेनों में बैठने की क्षमता को दर्शाने वाली तालिका प्रस्तुत की जाए.
- दिवा छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से लोकल सेवाएं शुरू करने में आ रही कठिनाइयों के बारे में लिखित जानकारी दी जाए.

रेल दुर्घटना मुआवजा राशि बहुत कम है और इसे बढ़ाकर 25 लाख रुपये किया जाना चाहिए.

- विलंबित न्याय, न्याय नहीं हो सकता, तो फिर दुर्घटना के मामलों को कई वर्षों तक लंबित रखने का क्या उद्देश्य है?

पिछले 15 वर्षों में 45,000 यात्रियों की मृत्यु हुई है, जिनमें से मुआवजे से संबंधित 8,000 मामले अभी भी लंबित हैं और इसके कारणों को लिखित रूप में बताना आवश्यक है.

- स्वतंत्र मुंबई लोकल बोर्ड की स्थापना की मांग के संबंध में रेलवे प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णय की लिखित जानकारी उपलब्ध कराई जाए.

## शिवसेना-यूबीटी ने बीएमसी चुनाव का बिगुल फूंका

### आदित्य ठाकरे करने जा रहे बडा काम

राष्ट्रबाण

**मुंबई .** शिवसेना (यूबीटी) ने बीएमसी चुनाव के लिए प्रचार शुरू कर दिया है. मुंबई में एक सभा को संबोधित करते हुए आदित्य ठाकरे ने बीजेपी और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर आक्रामक हमला किया. उन्होंने शिंदे को 'भ्रष्टनाथ' कहा और ऐलाम किया कि यह लड़ाई मुंबई को सुरक्षित रखने के लिए है. मुंबई की पहचान की लड़ाई आज से हुई शुरू

ठाकरे गुट की लड़ाई, अब मुंबई के माध्यम दुराचार को बाहर निकालने का अभियान, मुंबई की पहचान की लड़ाई आज से शुरू हुई.

- **10 जून से 13 जून** तक लधा आप मुंबई अडानी के खिलाफ वार्ड अधिकारी को एक बयान सौंपेगा.
- **14 जून** को मुंबई के हर घर को मुंबई सर्कुलर वितरण की लड़ाई के बारे में बताया जाएगा.
- **15 जून** - आदित्य ठाकरे के जन्मदिन के अवसर पर विधानसभा में स्कूली छात्रों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन.
- **22 जून**- शाखा द्वारा मुख्य चौक पर तख्तियां लेकर सभाएं करना.
- **29 जून**- शाखा द्वारा अडानी के खिलाफ राष्ट्रपति को पोस्टकार्ड भेजना.
- **6 जुलाई**- आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर महिला दिंडी का आयोजन करना तथा अडानी का विरोध करना.
- **13 जुलाई**- सांसदों तथा विधायकों की उपस्थिति में विधानसभा द्वारा सामाजिक संगठनों तथा वरिष्ठ नागरिकों की बैठक करना.
- **20 जुलाई**- 1 अगस्त को होने वाले आंदोलन के बारे में नागरिकों को जानकारी देना तथा पर्चे बांटना.
- **27 जुलाई**- पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के जन्मदिन के अवसर पर युवा सेना द्वारा मैराथन का आयोजन.
- **28 जुलाई**- महाआरती का आयोजन.
- **29 जुलाई**- शाखा द्वारा मुख्य चौक पर उद्योगपतियों के खिलाफ तख्तियां लेकर सभाएं करना.
- **1 अगस्त**- आदित्य ठाकरे के नेतृत्व में लढ़ा अपना मुंबई के माध्यम से महामोर्चा का आयोजन.

## न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक घोटाला

### फर्जी पहचान से 15 करोड़ की डील,

राष्ट्रबाण




**मुंबई.** महाराष्ट्र में न्यू इंडिया कोऑ-परेटिव बैंक के 122 करोड़ रुपये के घोटाले में चल रही जांच में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने कई अहम खुलासे किए हैं. जांच के दौरान पता चला है कि झारखंड से गिरफ्तार आरोपी राजीव रंजन पांडेय ने फर्जी नाम का इस्तेमाल कर मुख्य आरोपी हितेश मेहता से 15 करोड़ रुपये उधार लिए थे. पांडेय ने इस धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए धारावी के निवासी और मेहता के यहां काम करने वाले समीर शेख का सहारा लिया.ईओडब्ल्यू के मुताबिक, समीर शेख ने मेहता को पांडेय का नाम 'पवन गुप्ता' बताया और यही नाम इस्तेमाल कर पांडेय ने 15 करोड़ रुपये मेहता से लिए थे. समीर शेख ने मेहता से पैसे लेते समय बताया कि पवन गुप्ता उसी ट्रस्ट का मालिक है, जिसमें 15 करोड़ रुपये डाले जाएंगे और इसका सर्टिफिकेट भी वही जारी करेगा.ईओडब्ल्यू ने समीर शेख का किया बयान दर्ज इस दौरान, समीर शेख ने मेहता से पैसे लेने के बाद पांडेय को फोन किया और उसे जानकारी दी. पांडेय ने शेख को घर लौटने का निर्देश दिया. ईओडब्ल्यू ने समीर शेख का बयान दर्ज किया, जिसमें उसने सभी घटनाओं की पुष्टि की है.

## विवाहिता ने की जीवन लीला समाप्त



**बीड:** ससुराल वालों द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने से तंग आकर एक विवाहिता ने घर के सामने कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी। आत्महत्या करने वाली विवाहिता का नाम सविता भाऊसाहेब विधाते है। इस संबंध में भाऊसाहेब विधाते, ससुर किसन विधाते और सास लीलाबाई विधाते के खिलाफ अंभोरा थाने में मामला दर्ज किया गया है। सविता और भाऊसाहेब की शादी 2008 में हुई थी। उनके दो बच्चे हैं। शादी के बाद कुछ समय तक तो विधाते ने सविता के साथ अच्छा व्यवहार किया, लेकिन बच्चों को दूध पीने के लिए गांव से गाय लाने को कहकर परेशान करना शुरू कर दिया। इसके बाद उसने स्कूटी के लिए पैसे मांगे। इसके कुछ दिन बाद सविता की ननद अहिल्यानगर में मकान खरीदना चाहती थी और सविता के मामा ने इसके लिए पैसे मांगे। हालांकि इस समय उसके पिता काशीनाथ फासले ने कहा कि उनके पास पैसे नहीं है, इसलिए वह नहीं दे सकते।

## विरार स्टेशन पर काम में आई तेजी स्लैब कास्टिंग शुरू

### मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के 4 स्टेशनों में से एक

राष्ट्रबाण

**मुंबई.** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट एक हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर है जिस पर काम तेजी से चल रहा है. बुलेट ट्रेन मुंबई और अहमदाबाद के बीच 508 किलोमीटर की दूरी तय करेगी. बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी), ठाणे, विरार और बोईसर सहित 4 स्टेशन महाराष्ट्र की सीमा के तहत आएंगे.देश की पहली बुलेट ट्रेन से जुड़े मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का काम तेजी से चल रहा है. महाराष्ट्र के विरार बुलेट ट्रेन स्टेशन पर स्लैब कास्टिंग का काम भी शुरू हो गया है. यहां पर ट्रैक बिछाने के लिए 9 स्लैब में से पहला स्लैब भी लगा दिया गया है. इस रूट के लिए विरार महाराष्ट्र में पड़ने वाले 4 स्टेशनों में से एक स्टेशन है. मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट विरार बुलेट ट्रेन स्टेशन पर पहले स्लैब की कास्टिंग का काम पूरा हो गया है. यहां पर कुल 9 स्लैब बनाए जाएंगे, जो स्टेशन पर ट्रैक बिछाने के लिए नींव का काम करेंगे. रेलवे ने इस स्लैब कास्टिंग को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर जानकारी दी और बताया कि पहाड़ी पर स्थित इस स्टेशन का डिजाइन पहाड़ी हवाओं के अनुरूप किया गया है.भारत-जापान के आपसी सहयोग की मदद से जापान दो शिंकानसेन ट्रेन सेट देगा- एक E5 सीरीज से और एक E3 सीरीज से.



### 2 लेवल पर तैयार हो रहा विरार स्टेशन

बुलेट ट्रेन के लिहाज से विरार बुलेट ट्रेन स्टेशन को 2 लेवल के लिहाज से तैयार किया जाएगा. एक कॉनकोर्स लेवल तो दूसरा रेल लेवल के लिए डिजाइन किया गया है, जिसकी कुल लंबाई 425 मीटर है. स्टेशन पर पहले स्लैब की लंबाई 50 मीटर और चौड़ाई 35.32 मीटर है, जिसकी मोटाई करीब 300 मिमी है.

**चिंताजनक** सेंट्रल रेलवे के कई स्टेशनों पर सबसे ज्यादा मौतें

## 3 साल में लोकल ट्रेनों में मौतों की संख्या चौंकाने वाली

राष्ट्रबाण



**मुंबई.** मुंबई की 'जीवनरेखा' कही जाने वाली लोकल ट्रेनें अब मौत की पटरियों पर दौड़ रही हैं. मुंब्रा स्टेशन पर हादसे पर सवाल उठ रहे हैं. एक आरटीआई के मुताबिक, बीते तीन वर्षों में मुंबई लोकल में सफर करने वाले 7,560 यात्रियों ने अपनी जान गंवाई है, जबकि 7,293 गंभीर रूप से घायल हुए. यह खुलासा मुंबई लोहमार्ग पुलिस (जीआरपी) द्वारा आरटीआई के तहत दी गई जानकारी में हुआ है. सस्ती, तेज और सुलभ लोकल यात्रा अब खतरनाक बनती जा रही है. अधिक भीड़, सीमित लोकल फेरे, अपर्याप्त सुविधाएं, स्टेशन के प्रवेशद्वारों पर सुरक्षा का अभाव और ट्रैक के पास बैरिकेडिंग की कमी आदि लोकल ट्रेन के हादसों का कारण बन रहे हैं.

**ठाणे से कल्याण के बीच सबसे ज्यादा हादसे:** सामाजिक कार्यकर्ता समीर जवेरी के मुताबिक, मध्य रेलवे रूट पर सबसे अधिक हादसे ठाणे से कल्याण के बीच हुए हैं. ठाणे और कल्याण जीआरपी थानों में 2024 में सबसे ज्यादा मौतें दर्ज हुईं. इनमें कुल 387 लोगों की जान गई और 788 लोग घायल हुए. अकेले कल्याण में 116 मौतें और 157 घायल दर्ज किए गए, वहीं ठाणे में 68 मौतें और 107 घायल. इन अधिकतर मामलों में लोग चलती ट्रेन से गिरकर मौत का शिकार बने.

| वर्ष | मध्य रेलवे (मृत्यु/घायल) | पश्चिम रेलवे (मृत्यु/घायल) |
|---|---|---|
| 2024 | 1,533 / 1,655 | 935 / 1,042 |
| 2023 | 1,650 / 1,466 | 940 / 975 |
| 2022 | 1,585 / 1,153 | 922 / 1,002 |
| कुल | 4,768 / 4,274 | 2,792 / 3,019 |

### सवालों के घेरे में रेल प्रशासन

रेल यात्री परिषद के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने कहा कि जहां एक ओर मुंबई की लोकल ट्रेनें रोज़ लाखों यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचा रही हैं, वहीं दूसरी ओर यह आंकड़े प्रशासन की लापरवाही की गवाही दे रहे हैं. सुरक्षा इंतजामों की कमी, ट्रेनों की संख्या में बढ़ोतरी न होना और सिग्नलिंग सिस्टम की खामियां –इन सभी ने मुंबई की लोकल ट्रेन की यात्रा को असुरक्षित बना दिया है.

## कार में नुकसान को लेकर विवाद,हुआ हादसा

### थाने में युवक की पिटाई, जालना में हड़कंप

राष्ट्रबाण

**जालना.** जालना जिले में अपराध बढ़ते जा रहे हैं. एक युवक परमेश्वर बाबूराव सोनुने की थाने में ही पीट-पीटकर हत्या कर दिए जाने की चौंकाने वाली घटना सामने आई है. मृतक युवक के भाई ने रेत माफिया और पुलिस पर रेत माफिया को बचाने के लिए हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है. पुलिस पर इस मामले में कार्रवाई न करके रेत माफिया का साथ देने और युवक की पिटाई करने का आरोप लगाया गया है. इसलिए मृतक के परिजनों ने कहा है कि वे शव को तभी कब्जे में लेंगे, जब पुलिस को भी सह-आरोपी बनाया जाएगा. हालांकि, यह पता नहीं चल पाया है कि इस मामले में कौन-कौन से पुलिस वाले दोषी हैं. इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार जाफराबाद तालुका के सावरखेड़ा गांव में रेत माफिया द्वारा नुकसान पहुंचाने को लेकर विवाद हुआ. वह विवाद मारपीट में बदल गया. रेत माफिया ने परमेश्वर सोनवणे, सुधाकर सोनुने और दीपक सोनुने के घर जाकर उनकी पिटाई कर दी. पिटाई के बाद परिजन जाफराबाद थाने में शिकायत दर्ज कराने गए. लेकिन वहां भी रेत माफिया ने उन पर हमला कर दिया. इस दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी रही. आरोप है कि जब शिकायतकर्ता मदद की उम्मीद कर रहे थे, तब पुलिस ने कुछ नहीं किया. इस बीच मृतक की मां और परमेश्वर मोटरसाइकिल से अस्पताल गए, उस समय पुलिस परमेश्वर को अस्पताल से वापस ले आई.

# 'हाउसफुल 5' ने पास किया मंडे टेस्ट

## 4 दिन में लगाई सेंचुरी और अब डबल सेंचुरी के लिए रेडी




**नई दिल्ली.** अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'हाउसफुल 5' ने जोरदार वीकेंड कलेक्शन के साथ थिएटर्स में ओपनिंग की और सभी को सरप्राइज कर दिया. पहले ही दिन से उम्मीदों से भी ज्यादा कमाई करने वाली इस फिल्म ने पूरे वीकेंड थिएटर्स में जैसी भीड़ जुटाई उसका असर फिल्म के कलेक्शन पर खूब नजर आया. बॉलीवुड के लिए इस साल का दूसरा सबसे बड़ा ओपनिंग वीकेंड कलेक्शन लेकर आई 'हाउसफुल 5' का असली टेस्ट हफ्ते के पहले वर्किंग डे यानी मंडे को होना था.

### 'हाउसफुल 5' ने 4 दिन में लगाई सेंचुरी

अक्षय की फिल्म ने शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर 24 करोड़ रुपये से ज्यादा कलेक्शन के साथ ओपनिंग की थी. शनिवार को शानदार जंप के साथ 32.38 करोड़ और रविवार को 35 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन के साथ 'हाउसफुल 5' ने दमदार वीकेंड कलेक्शन दर्ज किया. फिल्म का फर्स्ट वीकेंड टोटल 91.83 करोड़ रुपये रहा. अब ट्रेड रिपोर्ट्स बताती हैं कि 'हाउसफुल 5' ने बॉक्स ऑफिस पर अपने पहले मंडे को 14 करोड़ रुपये के करीब कमाई की है. शुक्रवार के हिसाब से देखें तो सोमवार को फिल्म की कमाई में आई गिरावट पूरे 50% भी नहीं है. यानी 'हाउसफुल 5' ने वीकेंड के मुकाबले पहले वर्किंग डे को भी दमदार कमाई बरकरार रखी है. मंडे कलेक्शन के साथ 'हाउसफुल 5' ने बॉक्स ऑफिस पर 105 करोड़ से ज्यादा नेट कलेक्शन कर लिया है ये अक्षय कुमार की 18वीं फिल्म बन गई है जिसने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया है.

### 200 करोड़ पार जाने के लिए तैयार फिल्म

4 दिन में 105 करोड़ का टोटल नेट कलेक्शन बताता है कि एक हफ्ते में ये फिल्म लगभग 130 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच जाएगी. दूसरे वीकेंड के जंप को ध्यान रखते हुए देखें तो 'हाउसफुल 5' दो हफ्ते में लगभग 200 करोड़ रुपये का लैंडमार्क पार कर सकती है. रिपोर्ट्स बताती हैं कि 'हाउसफुल 5' का प्रोडक्शन बजट 225 करोड़ रुपये है. ऐसे में फिल्म को एक दमदार कामयाबी के लिए कम से कम 300 करोड़ के लैंडमार्क तक जाना होगा. अभी के ट्रेंड के हिसाब से अक्षय की फिल्म 200 करोड़ कमाने के लिए तो तैयार नजर आ ही रही है. अब देखना ये है कि बॉलीवुड की सबसे महंगी कॉमेडी फिल्म 'हाउसफुल 5', 300 करोड़ तक जा पाती है या नहीं.

# दुआ लीपा पर कमेंट करना पड़ा भारी

## हनी सिंह संग रहा विवाद

### 'कंट्रोवर्सी किंग' बने बादशाह पर हो चुका है केस



**नई दिल्ली.** ' डीजे वाले बाबू', 'कर गई चुल', 'काला चश्मा' जैसे टॉप हिट सॉन्ग्स देने वाले रैपर बादशाह अपने फैंस में काफी फेमस हैं. उनके लगभग गाने ट्रेंड किया करते हैं. हाल ही में बादशाह का आया नया गाना 'गलियों का गालिब' रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था. लेकिन रैपर अपने गानों के साथ-साथ अपनी लाइफ में आई कई सारी कॉन्ट्रोवर्सीज के कारण भी छाए रहते हैं. बादशाह पिछले दिनों हॉलीवुड सिंगर और एक्ट्रेस दुआ लीपा को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी में फंस चुके हैं. हालांकि ये पहला मौका नहीं है जब बादशाह के साथ कोई कॉन्ट्रोवर्सी हुई हो. तो चलिए, बादशाह की कुछ वायरल कॉन्ट्रोवर्सीज पर एक नजर डालते हैं.

### दुआ लीपा पर किया ट्वीट

हाल ही में बादशाह ने पॉपस्टार दुआ लीपा के लिए ट्वीट किया कि वो उनके साथ बच्चे पैदा करना चाहेंगे. दरअसल, जब रैपर ने दुआ लीपा के नाम के साथ दिल वाला इमोजी ट्वीट किया, तब उनके फैंस काफी एक्साइटेड हो गए. एक ने बादशाह से ट्वीट के जवाब में पूछा कि क्या वो दुआ लीपा के साथ कोई गाना रिलीज कर रहे हैं? तो इसके जवाब में रैपर ने लिखा, 'मैं इसकी जगह उनके साथ बच्चे पैदा करना चाहूंगा भाई.' हालांकि बादशाह की यह बात फैंस को रास नहीं आई. उन्होंने तुरंत रैपर को इस कमेंट के लिए ट्रोल किया. जहां एक यूजर ने बादशाह से दुआ लीपा को 'बख्श' देने की बात कही. वहीं दूसरे ने लिखा, 'ओजेम्पिक दवाई दिमाग के लिए भी ठीक नहीं होती, इसका सही उदाहण देख लिया है.' फैंस से ट्रोलिंग झेलने के बाद बादशाह ने भी अपनी सफाई दी.

# कैटरीना Maldives की ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बनीं



मालदीव ने अपनी टूरिज्म अपील को बढ़ाने के मकसद से बॉलीवुड सुपरस्टार कैटरीना कैफ को अपना नया ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर अपाइंट किया है. यह अनाउंसमेंट सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए हुई. दिलचस्प बात यह है कि पीएम मोदी के दौरे से पहले यह घोषणा की गई है.

## पीएम मोदी के दौरे से पहले हुई अनाउंसमेंट

### ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बनाना बनाए जाने पर कैटरीना ने क्या कहा

मालदीव के सनी साइड ऑफ़ लाइफ़ का ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बनने पर कैटरीना कैफ़ ने कहा, ₹मालदीव विलासिता और प्राकृतिक सुंदरता का प्रतीक है, जहां शानदार अंदाज़ शांति के साथ मिलता है. मुझे इसकी ब्रांड एंबेसडर बनने पर गर्व है. यह सहयोग दुनिया भर के लोगों के लिए शानदार यात्रा अनुभव लाने का है, और मैं उत्साहित हूं कि मैं मालदीव के अनोखे आकर्षण और विश्व स्तरीय अनुभवों को सभी के

### कैटरीना को मालदीव का ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बनाना गर्व की बात

मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉरपोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर थोय्यब मोहम्मद ने कहा, ₹कैटरीना कैफ को अपना ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बनाना हमारे लिए बहुत गर्व की बात है. उनकी पॉपुलैरिटी के साथ ग्लोबल एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में उनके इफ्लूएंस की वजह से यकीनन हमें दुनिया भर से, स्पेशली भारत से ज्यादा विजिटर्स को अट्रैक्ट करने में मदद मिलेगी.

### पीएम मोदी के दौरे से एक महीने पहले की गई है अनाउंसमेंट

बता दें कि यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मालदीव दौरे से एक महीने पहले लिया गया है. साथ ही पिछले साल की शुरुआत में भारत और मालदीव के बीच बिगड़े संबंधों के बाद दोनों देशों के बीच फिर से मधुर संबंध बनाने के लिए लिया गया है.



# सॉन्ग प्रमोशन के लिए मुंबई पहुंचे कोरियन पॉप स्टार जैक्सन

## एयरपोर्ट पर पैपराजी को किया नमस्ते

पॉप स्टार जैक्सन वांग को पैपराजी ने एयरपोर्ट पर अपने कैमरे में कैद किया. इस दौरान वो ऑल ब्लैक लुक में दिखे.जैक्सन की ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर खासी वायरल हो रही हैं. जिन्हें देख उनके फैंस काफी खुश है.जैक्सन अपना एक गाना प्रमोट करने के लिए इंडिया आए हैं. यहां वो एक हफ्ते तक रूकने वाले हैं.सिंगर के इस नए गाने का नाम Magic Man 2 है.




# 'द दिल्ली फाइल्स' को मिला नया नाम

## रिलीज डेट में भी बदलाव, जानें कब आएगा टीजर

फिल्म डायरेक्टर-प्रोड्यूसर विवेक रंजन अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि 'बंगाल के नरसंहार' पर बनी उनकी अपकमिंग फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स' का टाइटल अब बदल चुका है. इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट को भी आगे बढ़ा दिया गया है. उन्होंने फिल्म के टीजर की रिलीज डेट का भी खुलासा कर दिया है.फिल्म 'दिल्ली फाइल्स' का नाम बदलकर अब 'द बंगाल फाइल्स' कर दिया गया है. इस बड़ी अनाउंसमेंट के साथ विवेक रंजन ने इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- 'बहुत बड़ी अनाउंसमेंट, दिल्ली फाइल्स अब द बंगाल फाइल्स है. टीजर इस गुरुवार, 12 जून को दोपहर 12 बजे आ रहा है. फिल्म 05 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.'




### रिसर्च के दौरान लोगों से मिली मदद

एक वीडियो शेयर करते हुए विवेक अग्निहोत्री ने अपील की थी कि वो बंगाल पर अपनी अपकमिंग फिल्म के लिए क्राउडसोर्सिंग रिसर्च कर रहे हैं. यदि फैंस हिस्ट्री बनाने में कॉन्ट्रीब्यूशन देना चाहते हैं, तो उनके पास 'क्राउडसोर्सिंग रिसर्च' के जरिए मदद करने का रास्ता है. उन्होंने यह भी बताया कि कलकत्ता या नोआखली दंगे के कई पीड़ितों से उन्होंने बातचीत की और वीडियो रिकॉर्ड किए. इसके लिए सैकड़ों किताबें, रिपोर्ट्स, अखबारों के कटिंग्स पढ़े.

### पहले 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी फिल्म

'द दिल्ली फाइल्स : बंगाल चैप्टर' पहले 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी. फिल्म के नाम में बदलाव और इसकी रिलीज डेट की अनाउंसमेंट ने इसे साल की सबसे मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक बना दिया है. 15 मई को शेयर किए गए एक पोस्ट में विवेक रंजन अग्निहोत्री ने शूटिंग के अंतिम चरण में होने की जानकारी देने के साथ ही फैंस से 'क्राउडसोर्सिंग रिसर्च' की अपील की थी.



# आकाश अंबानी और पत्नी श्लोका की इनकम से आ जाएंगे चक्कर

## बहुत तगड़ी है दोनों की नेटवर्थ

मुकेश अंबानी के बेटे आकाश अंबानी और बहू श्लोका मेहता इन दिनों सुर्खियों का हिस्सा बने हुए हैं. यह दोनों अपने दोस्त की शादी में गए हैं जहां पर दोनों खूब मस्ती कर रहे हैं. इस कपल की वीडियो और फोटोज खूब वायरल हो रहे हैं. श्लोका और आकाश साथ में गाना भी गाते नजर आ रहे हैं. आकाश और श्लोका एक पावप कपल हैं. दोनों की नेटवर्थ बहुत तगड़ी है. आइए आपको इस बारे में बताते हैं.आकाश अंबानी रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन हैं. वो और श्लोका साल



2019 में शादी के बंधन में बंधे थे. दोनों की शादी की वीडियो और फोटोज खूब वायरल हुए थे. अब ये कपल दो बच्चों के पेरेंट्स भी बन चुके हैं.

### कितनी है आकाश-श्लोका की नेटवर्थ

आकाश अंबानी की बात करें तो वो रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन के साथ जियो प्लेटफॉर्म और रिलायंस रिटेल में भी अहम जिम्मेदारी संभालते हैं. उनकी अगर आप नेटवर्थ जान लेंगे तो आपको झटका लग जाएगा. हुरुन रिच लिस्ट 2024 के अनुसार आकाश अंबानी की कुल नेटवर्थ 3,300 करोड़ रुपये है. बता दें आकाशा क पिछले साल सबसे यंग एंट्रप्रोर में से एक बताया था. वहीं अंबानी परिवार की बहू श्लोका की बात करें तो वो भी करोड़ों की मालकिन हैं.श्लोका मेहता हीरा कारोबारी रसेल मेहता की बेटी हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक श्लोका की नेटवर्थ 148 करोड़ रुपये है. इसके साथ ही श्लोका को लग्जरी कार और ज्वैलरी का शौक है. रिपोर्ट्स के मुताबिक श्लोका के पास दुनिया का सबसे महंगा नेकलेस है. जिसकी कीमत 455 करोड़ बताई जाती है. श्लोका और आकाश की मिलाकर नेटवर्थ बताई जाए तो यह 3,448 करोड़ है. श्लोका और आकाश अक्सर ट्रिप पर जाते रहते हैं. उनकी फोटोज खूब वायरल होती रहती हैं. कई बॉलीवुड पार्टीज में आकाश और श्लोका नजर आते हैं.

# 'रिलीज डेट टाली तो 10 करोड़ काट लेंगे'



## 'कुबेरा' के मेकर्स को OTT ने धमकाया

धनुष और नागार्जुन की फिल्म 'कुबेरा' 20 जून, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है. पहले 'कुबेरा' अप्रैल महीने में ही रिलीज होने वाली थी लेकिन पोस्ट प्रोडक्शन में देरी के चलते इसकी रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई. अब फिल्म के प्रोड्यूसर सुनील नारंग ने खुलासा किया है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म ने धमकी दी है कि अगर 'कुबेरा' की रिलीज डेट आगे टलती है तो इसके लिए मेकर्स को नुकसान उठाना होगा. एक हालिया इंटरव्यू में सुनील नारंग ने बताया कि फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन में देरी हो रही थी. ऐसे में मेकर्स ने फिल्म के ओटीटी राइट्स खरीदने वाले प्राइम वीडियो से कुछ समय मांगा था. हालांकि ओटीटी प्लेटफॉर्म ने साफ तौर पर उनकी रिक्वेस्ट रिजेक्ट कर दी. प्राइम वीडियो ने कहा कि अगर 'कुबेरा' तय तारीख पर रिलीज नहीं होती है तो वे 10 करोड़ रुपए काट लेंगे.

### '10 करोड़ रुपए काट लेंगे'

'कुबेरा' के प्रोड्यूसर सुनील नारंग ने कहा- 'मैंने जुलाई की तारीख मांगी थी, लेकिन उन्होंने कहा कि अगर हम 20 जून की रिलीज को मिस करते हैं तो वे 10 करोड़ रुपए काट लेंगे. अब सब कुछ उनकी मर्जी के मुताबिक चल रहा है.' प्रोड्यूसर ने आगे कहा- 'लोग एक्टर्स की सैलरी में कटौती की बात करते हैं. हमें क्यों करना चाहिए? 145 करोड़ लोगों में से हमारे पास बमुश्किल 50 सुपरस्टार हैं. वे भगवान हैं, समस्या वे नहीं हैं, ये सब कुछ है. ये दूसरी संस्थाएं फायदा कमाती हैं, चाहे कोई फिल्म कामयाब हो या न हो.'

### तमिल और तेलुगु में शूट हुई 'कुबेरा'

'कुबेरा' एक पैन इंडिया फिल्म है जो तमिल और तेलुगु दोनों भाषाओं में शूट की गई है. इस फिल्म को मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में भी डब किया गया है. शेखर कम्मुला के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में धनुष और नागार्जुन लीड रोल में हैं. इसके अलावा रश्मिका मंदाना, जिम सर्भ और दलीप ताहिल जैसे कलाकार भी फिल्म का हिस्सा हैं.

# बर्थडे पर तेजस्वी प्रकाश ने किए बाबा महाकाल के दर्शन

## भस्म आरती में भी हुईं शामिल

## बोलीं- 'बहुत सुकून महसूस हुआ'



महाकाल के दर्शन के बाद ब्लेस फील कर रहीं तेजस्वी प्रकाश

तेजस्वी प्रकाश टीवी की मोस्ट पॉपुलर एक्ट्रेस हैं. अभिनेत्री आज अपना 32वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं. अपने इस खास दिन की शुरुआत एक्ट्रेस ने उज्जैन में महाकाल के दर्शन करके की. तेजस्वी की महाकाल ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने और पूजा करने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं.

पूजा-अर्चना के बाद तेजस्वी ने कहा, ₹मैंने आज दर्शन और भस्म आरती के लिए महाकालेश्वर मंदिर का दौरा किया. आज मेरा जन्मदिन भी है और पूजा-अर्चना के बाद मैं और भी ब्लेस फील कर रही हूंय मेरा दिन सुबह 3 बजे ही शुरू हो गया था...आरती के दौरान मैंने अपने अंदर शक्ति और ऊर्जा का संचार महसूस किया.₹

### तेजस्वी ने तिलक लगाए हुए शेयर की सेल्फी

तेजस्वी ने मंदिर के बाहर से एक प्यारी सी सेल्फी भी शेयर की, जिसमें उन्हें माथे पर 'महाकाल' का तिलक लगाए हुए देखा जा सकता है. तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, ₹जय महाकाल! मैं अपने जन्मदिन की शुरुआत इसी तरह करती हूं.

### 32वें बर्थडे पर तेजस्वी प्रकाश ने किए महाकाल के दर्शन

तेजस्वी प्रकाश ने मंगलवार की सुबह मध्य प्रदेश के उज्जैन में श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए और अपने 32वें जन्मदिन के अवसर पर बाबा का आशीर्वाद लिया. उन्होंने 'भस्म आरती' में भाग लिया और विधि -विधान के साथ महाकाल की पूजा-अर्चना भी की. वायरल हुई वीडियो में तेजस्वी को मंदिर के गर्भगृह के पास आशीर्वाद मांगते, भगवान शिव से प्रार्थना करते और पुजारियों द्वारा बताए गए अनुष्ठान करते हुए देखा जा सकता है.

### तेजस्वी प्रकाश वर्क फ्रंट

तेजस्वी प्रकाश ने स्वरागिनी-जोड़े रिश्तों के सुर में रागिनी गाड़ोदिया माहेश्वरी और नागिन 6 में प्रथा गुजराल के किरदार से खूब पॉपुलैरिटी बटोरी थी. उन्होंने रियलिटी शो फियर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी 10 (2020) में भी भाग लिया और वे बिग बॉस 15 (2021) की विनर भी रही थीं.

राष्ट्रबाण
# विदर्भ VISION
।। धर्मो रक्षति रक्षितः ।।
तापमानः नागपुर, अधिकतम 43.6°C न्यूनतम 28.3°C
नागपुर, बुधवार, 11 जून 2025

# उद्धव ठाकरे को एक और झटका !

## जिला प्रमुख ने शिवसेना को कहा अलविदा, कहा- 'मेरी आवाज देखिए...'

राष्ट्रबाण

**अमरावती.** अमरावती जिले में शिवसेना ठाकरे गुट का खलबली थमने का नाम नहीं ले रही है, शिवसेना जिला प्रमुख सुनील खराटे मंगलवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए.

इसे ठाकरे गुट के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. सुनील खराटे ने बडनेरा विधानसभा क्षेत्र से युवा स्वाभिमान पक्ष के रवि राणा के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था.उन्होंने कहा, ₹जब मैं विपक्ष में था, तब मेरी आवाज को नजर-अंदाज किया गया. हालांकि, भाजपा



में शामिल होने के बाद मैं इस मुद्दे पर ठोस कदम उठाता रहूंगा. भाजपा में शामिल होने के समय कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण और अन्य नेता मौजूद थे. सुनील खराटे ने कहा कि उन्होंने भाजपा के स्थिर नेतृत्व, विकासोन्मुखी नीतियों और देशभक्ति की विचारधारा के कारण भाजपा में शामिल होने का फैसला किया. पाला बदलते समय सुनील खराटे ने शिवसेना नेतृत्व की आलोचना करने से परहेज किया.

- खराटे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह का दूरदर्शी नेतृत्व और महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की कार्यकुशलता ही देश के विकास की सच्ची दिशा है. उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रहित के लिए बड़े स्तर पर काम करना चाहता हूं और वह अवसर मुझे भारतीय जनता पार्टी में ही मिल सकता है.
- भाजपा का एजेंडा देश के समग्र विकास पर केंद्रित बताते हुए सुनील खराटे ने अमरावती शहर में फर्जी दस्तावेजों के जरिए रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के मुद्दे पर गंभीर चिंता व्यक्त की. राष्ट्रहित के लिए स्पष्ट दिशा और निर्णायक नेतृत्व की आवश्यकता है, जो आज भाजपा में उपलब्ध है.
- यह भी विश्वास व्यक्त किया कि सरकार और नागरिकों के बीच की खाई को पाटने की नीति से मतदाताओं से सीधा संवाद हो सकता है और लोगों की समस्याओं को समझने के लिए कार्रवाई की जा सकती है.
- मैं भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहा हूं और मेरा काम निस्वार्थ और समाज के हित के लिए होगा. मैं अमरावती शहर, महाराष्ट्र राज्य और देश के लिए काम करना जारी रखूंगा, ऐसा सुनील खराटे ने कहा.
- सुनील खराटे के खिलाफ बगावत कर चुनाव लड़ने वाले पूर्व विधायक संजय बंद की पत्नी प्रीति बंद कुछ दिनों पहले शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हुई थीं.

## राजस्व वृद्धि के लिए आबकारी शुल्क बढ़ाने का निर्णय

### शराब प्रेमियों की जेब पर पड़ेगी मार

राष्ट्रबाण

**अकोला.** राज्य में शराब प्रेमियों की राजस्व वृद्धि उपायों को अब बड़ी मार पड़ने वाली है. राजस्व बढ़ाने के लिए आबकारी शुल्क बढ़ाने का निर्णय मंगलवार को कैबिनेट बैठक में लिया गया. इसका असर शराब की कीमत पर पड़ा है और नई न्यूनतम दरों की घोषणा की गई है.विभाग का राजस्व बढ़ाने के लिए सचिव स्तर का अध्ययन समूह बनाया गया था. इस समूह ने शराब उत्पादन नीति, लाइसेंसिंग, आबकारी शुल्क और कर संग्रह को बढ़ाने के लिए अन्य राज्यों में लागू की जा रही सर्वोत्तम प्रथाओं और नीतियों का अध्ययन किया और सरकार को सिफारिशें और रिपोर्ट सौंपी. विभाग के राजस्व को बढ़ाने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई. तदनुसार, आबकारी शुल्क बढ़ाया जाएगा. 5 लाख रुपये तक घोषित उत्पादन मूल्य वाली शराब पर आबकारी शुल्क 15 लाख रुपये तक लागू रहेगा. भारतीय निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) की कीमत उत्पादन मूल्य के तीन गुना से बढ़ाकर साढ़े चार गुना की जाएगी. देशी शराब पर उत्पाद शुल्क 180 रुपये से बढ़ाकर 205 रुपये प्रति प्रूफ लीटर किया जाएगा. उत्पाद शुल्क दर में वृद्धि के बाद एमआरपी फॉर्मूले में बदलाव के कारण 180 एमएल की बोतल का न्यूनतम खुदरा मूल्य देशी शराब के लिए 80 रुपये, महाराष्ट्र निर्मित शराब के लिए 148 रुपये, भारतीय निर्मित विदेशी शराब के लिए 205 रुपये और विदेशी शराब के प्रीमियम ब्रांडों के लिए 360 रुपये होगा.



### नई तरह की शराब बनाने की मंजूरी

राज्य सरकार ने अनाज आधारित विदेशी शराब की नई किस्म महाराष्ट्र निर्मित शराब के निर्माण को मंजूरी दे दी है. इसका निर्माण केवल महाराष्ट्र के शराब निर्माता ही कर सकेंगे. उन्हें इस नए तरह के उत्पाद (ब्रांड) का नए सिरे से पंजीकरण कराना जरूरी होगा.

### AI सिस्टम से नियंत्रण; 7 नए कार्यालय

आबकारी विभाग के संशोधित ढांचे और विभाग के एकीकृत नियंत्रण कक्ष की स्थापना को मंजूरी दी गई. इस कक्ष के माध्यम से राज्य में शराब बनाने वाली भट्टियों, शराब कारखानों, थोक विक्रेताओं आदि पर एआई प्रणाली के माध्यम से नियंत्रण किया जाएगा. कैबिनेट ने आबकारी शुल्क में वृद्धि के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है.

## फास्ट ट्रैक

### भगवान बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

**वर्धा.** भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के बिरसा मुंडा छात्रावास प्रांगण में 09 जून को उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर अभिवादन किया गया. छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार एवं सहायक कुलसचिव राजेश अरोड़ा ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उपस्थितों ने पुष्पांजलि अर्पित की. इस अवसर पर मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. जयंत उपाध्याय, डॉ. धीरज मसराम, डॉ. योगेंद्र बाबु, डॉ. परिमल प्रियदर्शी, मनोज द्विवेदी, बी.एस. मिरगे सहित छात्रावासों के विद्यार्थी उपस्थित रहे.

### ठाकरे सेना ने किया महावितरण के सामने प्रदर्शन

**बुलढाणा.** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) ने आज बुलढाणा चिखली राज्य मार्ग पर महावितरण कार्यालय के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. इस समय शिवसेना महिला आघाडी की पदाधिकारी अधिक आक्रामक नजर आईं. महावितरण प्रबंधन के कारण परेशान हो रहे किसानों की पीड़ा को व्यक्त करते हुए मांग की गई कि किसानों के बिजली बिल माफ किए जाएं. आवश्यक राशि का भुगतान करने के 6 महीने बाद भी, मुझे सोलर पंप के लिए कनेक्शन कब मिलेगा? शिवसेना जिला प्रमुख जालिंदर बुधवत और अन्य महिला पदाधिकारियों ने पूछा कि क्या इसके लिए कोई समय होगा.

## जलाशय में जल विसर्जन का विरोध

### बच्चू कडू का समर्थन

राष्ट्रबाण

**अमरावती.** किसानों की मांगों को लेकर प्रहार जनशक्ति पार्टी के कार्यकर्ता आक्रामक हो गए हैं. प्रहार कार्यकर्ताओं ने पूर्ण मध्यम परियोजना के विश्रोली स्थित जलाशय में जल विसर्जन आंदोलन शुरू कर दिया है, जिससे पुलिस व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है.बच्चू कडू पिछले तीन दिनों से गुरुकुंज मोजारी में भूख हड़ताल पर हैं. प्रहार के पदाधिकारियों का कहना है कि बच्चू कडू की भूख हड़ताल के समर्थन में कार्यकर्ता जलाशय में कूद पड़े. पंद्रह से बीस प्रहार कार्यकर्ता पूर्णा डैम के जलाशय में खड़े होकर नारे लगा रहे हैं.राज्य में किसानों के लिए आम कर्ज माफी, खेत मजदूरों के उत्थान के लिए स्वतंत्र वित्तीय निगम,



महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी में वृद्धि, किसानों की तरह आकस्मिक मृत्यु के मामले में खेत मजदूरों के लिए बीमा कवर, खेत मजदूरों के वित्तीय हितों की रक्षा के लिए एक स्वतंत्र बोर्ड की स्थापना, महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में रोपण से कटाई तक सभी कृषि कार्य को शामिल करना. यदि यह संभव नहीं है, तो तेलंगाना की तर्ज पर 10,000 रुपये प्रति एकड़ की सहायता दी जानी चाहिए. रासायनिक खादों की तरह जैविक और भेड़ की खाद के लिए सब्सिडी देने का प्रावधान किया जाना चाहिए, दूध में मिलावट को रोकना और गाय के दूध की कीमत 50 रुपये प्रति लीटर और भैंस के दूध की कीमत 60 रुपये प्रति लीटर तय की जानी चाहिए. प्याज की कीमतें स्थिर रहें और जब तक कीमत 40 रुपये नहीं हो जाती, तब तक निर्यात प्रतिबंध नहीं लगाया जाए, ऐसी मांगों के लिए बच्चू कडू ने खाद्य बहिष्कार आंदोलन शुरू किया है. आज आंदोलन का तीसरा दिन है.

### शिवसेना ठाकरे गुट से समर्थन

